सुविचार
जीवन में दो ही लोग असफल होते हैं
एक वो जो सोचते हैं लेकिन करते नहीं
दूसरे वो जो करते हैं पर सोचते नहीं

साप्ताहिक
# युवा प्रदेश
Freedom of Speech

RNI.NO. MPHIN/2015/76299

संपादक :- नागेश नरवरिया

Mother's Basket
Kitchen Herbs & Spices
Swad jo pahuche dil tak

वर्ष 6, अंक-81 | भोपाल, शुक्रवार 24 दिसम्बर 2021 | पृष्ठ -8 | मूल्य 3 रुपये

## मध्यप्रदेश ड़े राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन योजनांतर्गत महिला स्व सहायता समूहों को मिला लोंन!





युवा प्रदेश नेटवर्क

**छिन्दवाड़ा।** म.प्र डे राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन जनपद पंचयत हर्रई की महिला स्व सहायता समूहों को म.प्र ग्रामीण बैंक शाखा हर्रई के द्वारा आज 13 समूहो को 24 लाख की राशि का वितरण किया गया जिससे महिलाओं की आजीविका को आगे बढ़ाया जा सके लोंन से महिलाए अपनीं स्वयं कि गतिविधि एवं व्यवसाय जैसे मुर्गी पालन,पशु पालन ,बकरी पालन,चप्पल निर्माण इत्यदि विभिन्न कार्य कर आत्मनिर्भरता की ओर अग्रसर हो रही हैं। मध्यप्रदेश ड़े राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन हर्रई के द्वारा हरसंभव ततपरता से महिलाओं को समूह से जोड़कर उनकी आजीविका को सुदृढ़ बनाने का कार्य किया जा रहा हैं ताकि महिलाये आत्मनिर्भरता ओर शशक्तिकरण की ओर बढ़ सके। कार्यक्रम में उपस्थित क्षेत्रीय कार्यलय के क्षेत्रीय प्रबंधक श्री प्रवीण कुमार डोंगरेजी, वरिष्ठ प्रबंधक श्री अश्विनी भट्टजी ग्रामिण बैंक शाखा प्रबंधक श्री प्रभास नंदीजी साथ मे एनआरएलएम जनपद हर्रई से प्रभारी विकासखंड प्रबंधक श्री श्याम उइकेजी, सहायक विकासखंड प्रबंधक श्रीमती नंदिनी उइके, गोकुल मोहबे, देवानंद दहिया एवं समस्त स्टाफ उपस्थिति रहे।

कलेक्टर को चैलेंज करने वाली आदिवासी छात्रा का पहला इंटरव्यू

## कलेक्टर नहीं, फौजी बनने का है सपना; ये अफसर 5 मिनट धूप में नहीं रह सकते: झाबुआ की निर्मला

**झाबुआ।** मध्यप्रदेश के झाबुआ में प्रदर्शन के दौरान कलेक्टर को चैलेंज करने वाली आदिवासी छात्रा निर्मला का आक्रामक अंदाज पूरे देश में चर्चा में है। दैनिक भास्कर ने सबसे पहले इस लड़की का इंटरव्यू किया। वह बोली- सिस्टम के लिए ये अफसर पब्लिक के लिए ही हैं और हमारी ही नहीं सुनते। पांच मिनट ये लोग धूप में खड़े नहीं रह सकते, हम दो से तीन घंटे तक वहां धूप में प्रदर्शन कर उन्हें बुलाते रहे। ये नहीं आए इसलिए गुस्सा था। निर्मला शासकीय गर्ल्स कॉलेज में क्क फर्स्ट ईयर की छात्रा है। उसका कहना है कि सिस्टम के प्रति शुरू से ही गुस्सा है। अपने अधिकारों के लिए खुद को लड़ना होगा। इधर, मामला बढ़ने के



बाद निर्मला को कलेक्टर सोमेश मिश्रा ने शुक्रवार को मिलने बुलाया है। कलेक्टर का कहना है कि मैं उनसे नहीं मिल पाया। उनकी मांगों की जानकारी मुझे है, जिसे जल्द हल किया जाएगा। दैनिक भास्कर ने इस बेबाक लड़की से बातचीत की।

### क्या कलेक्टर बनने का लक्ष्य है

आर्मी में जाना चाहती हूं। मुझे सच बोलना पसंद रहा। यही सोचती रहती हूं कि अपनी बात? को कैसे दूसरे के सामने रखूं। दिमाग में हर समय? यही चलता है। सिस्टम की लचर व्यवस्था? के खिलाफ शुरू से ही गुस्सा है। पहले ये गुस्सा कम था। अब बढ़ने लगा है।

**अधिकारों के लिए संघर्ष का रास्ता कैसे सूझा:** सच्चाई की? आवाज दूर तक जा रही है। मैं? जिंदा हूं, तब तक बोलती रहूंगी,? चुप नहीं बैठूंगी। राजनीति भी? करूंगी, चाहे मुझे कोई इनाम मिले? या न मिले।

## अहिरवार समाज संघ म. प्र. की त्रिमासिक बैठक संपन्न हुई महिला प्रकोष्ठ, युवा पदाधिकारी को दी गई जिम्मेदारी, राजेश अहिरवार संघ का कर रहे है विस्तार

युवा प्रदेश नेटवर्क

**भोपाल।** अहिरवार समाज संघ प्रीति लारिया वाक्सर जिला अध्यक्ष महिला प्रकोष्ठ छिंदवाड़ा के मुख्य आतिथ्य में संपन्न हुई। अध्यक्षता राजेश अहिरवार प्रदेशाध्यक्ष ने की। प्रदेशाध्यक्ष महिला प्रकोष्ठ संगीता गोलिया, महिला प्रकोष्ठ असस म.प्र. की संरक्षक कलादेवी नरवरिया महिला प्रकोष्ठ की जिला अध्यक्ष छिंदवाड़ा से आई प्रीति लारिया वाक्सर को सम्मानीय पद का मौका मिला। युवा प्रकोष्ठ प्रदेश अध्यक्ष सुनील बामने संजेश गोलिया प्रदेश अध्यक्ष आई टी सेल, से. नि. डीएसपी होशंगाबाद अभराम चौधरी, आचार्य भावसिंह माडरे शिक्षक बरेली एस आर सूर्यबंशी इंस्पेक्टर पी एच क्यू,विनय बामने कार्यकारिणी सदस्य, संघ के संस्थापक मंचासीन और तमाम जिलों से आई महिलाओं जिला अध्यक्ष गणों द्वारा बाबासाहेब आंबेडकर जी को फूल मालाएं पहनाई गुरु रविदास जी मूर्ति पर माल्यार्पण कर उद्बोधन सुरु हुए। होशंगाबाद



अहिरवार समाज संघ
पंजीयन क्र. 38053/21

जिले के जिला अध्यक्ष एडवोकेट गुमान सिंह मांडले जी ने विगत तीन माह में किए कार्यो पर विस्तार से जानकारी दी और जिले की कार्यकारिणी के पदाधिकारियों की सूची दी। रायसेन जिले के कार्यवाहक जिला अध्यक्ष हेमंत चौधरी ने ज़िले के नवनियुक्त पदाधिकारियों और उनके कार्य पर प्रकाश डाला। संभाग उपाध्यक्ष एस एस बम्होरया जी भोपाल संभाग में पदाधिकारियों का विस्तार करने का आश्वासन दिया। संस्थापक द्वारा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य की सहमति से अससं म प्र के कानूनी सलाहकार अभयराम चौधरी से नि डीएसपी होशंगाबाद को नियुक्त किया गया है। भावसिंह माडरे शिक्षक आचार्य जी को प्रदेश कार्यकारिणी में बरिष्ठ उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया है और युवा प्रकोष्ठ प्रदेश अध्यक्ष पद पर सुनील बामने जी को नियुक्त किया गया।अन्य पदों की नियुक्ति पर प्रदेशाध्यक्ष जी ने जो प्रस्तावित नाम आऐ है उनकी कार्य समिति में चर्चा कर नियुक्त किए जाने की घोषणा की अभी तक के आय व्यय की विस्तार से जानकारी दी गई। अभयराम चौधरी जी ने संघ के लिए कुर्सी खरीदने के लिए 5000/-- रुपए देने की घोषणा की। संघ के लिए 13800/-- का माईक सहित स्पीकर प्रदेशाध्यक्ष राजेश अहिरवार जी ने खरीद कर दान में दिया। कुशल संचालन माधोसिंह अहिरवार अससं म प्र उपाध्यक्ष द्वारा किया गया। इस तरह कार्य समीक्षा बैठक गुरु रविदास जिंसी मंदिर जांहगीराबाद भोपाल में संपन्न हुई। बैठक में सामिल हुए सभी सम्मानियों की गरिमा मय उपस्थिति दर्ज की।



## छात्राओं को पोर्न दिखाने वाले शिक्षक के काले कारनामे उजागर

**गुना।** जिले के एक सरकारी स्कूल में छात्राओं का यौन शोषण करने वाले शिक्षक के मामले में कई चौकाने वाली बातें सामने आई हैं। वह केवल साइंस की ही नहीं, बल्कि आर्ट्स (कला) क्लास की छात्राओं का भी शोषण करता था। उन्हें बायोलॉजी पढ़ना जरूरी बताकर अपने पास कमरे में बुलाता था। गुरुवार को जब बाल कल्याण समिति के सदस्यों ने छात्राओं से बातचीत की, तो उन्होंने यह सब खुलासे किए। उधर आरोपी शिक्षक को न्यायालय ने जेल भेज दिया है। लोक शिक्षण संचालनालय ने टीचर प्रदीप सोलंकी को निलंबित कर दिया है। गुरुवार को बाल कल्याण समिति की टीम स्कूल में पहुंची। उन्होंने छात्रों के बयान लिए। कुछ पूर्व छात्राएं भी इस दौरान उनके साथ हुई आपबीती सुनाने पहुंच गईं। उन्होंने बताया कि जब से वह शिक्षक इस स्कूल में पदस्थ है, तभी से वह छात्राओं का शोषण कर रहा है। अलग-अलग कारणों से वह छात्राओं को अपने पास बुलाता था। छात्राएं अभी तक चुपचाप सब सहन करती चली आ रहीं थी। किसी को कुछ बताएंगे तो घरवाले पढ़ाई छुड़वा देंगे, इस डर से छात्राएं किसी से इस बात का जिक्र नहीं करतीं थीं।



## स्वंय द्वारा किया गया हमला प्राइवेट प्रतिरक्षा का अधिकार नहीं होगा जानिए/IPC... l

**बी.आर. अहिरवार,
ब्यूरो हेड होशंगाबाद,
मो.-9827737665**



कल के लेख में हमने आपको बताया था कि प्रत्येक व्यक्ति को अपने शरीर व अन्य व्यक्ति के शरीर एवं अपनी व किसी अन्य व्यक्ति की संपत्ति की प्रतिरक्षा करने का अधिकार भारतीय दण्ड संहिता की धारा 96 से 106 तक प्राप्त है। व्यक्ति निजी सुरक्षा में गंभीर चोट से लेकर हत्या तक कर सकता है वह किसी भी प्रकार का अपराध नहीं होगा जानिए।

**भारतीय दण्ड संहिता,1860 की धारा 96 की परिभाषा?**

निजी सुरक्षा की रक्षा के लिए किया गया बल पूर्वक कार्य किसी वही प्रकार से अपराध नहीं होगा।

**लेकिन इस अधिकार की दो सीमाएं है-** 1. ऐसे किसी कार्य के लिए इसका प्रयोग उचित नहीं होगा जो बचाव न होकर निश्चित रूप से एक अपराध था।

2. यदि किसी व्यक्ति ने स्वंय आक्रमण किया हो, तो वह अपने बचाव में निजी सुरक्षा के अधिकार का तर्क प्रस्तुत नहीं कर सकता है।

**उधारानुसार वाद(कश्मीरी लाल बनाम पंजाब राज्य)-?**

उपर्युक्त मामले में उच्चतम न्यायालय ने यह अभिनिर्धारित किया कि व्यक्ति जो स्वंय आक्रामक हो और दूसरे व्यक्ति पर विधि-विरुद्ध हमला करता हो तब उस व्यक्ति को प्राइवेट प्रतिरक्षा का अधिकार प्राप्त नहीं होगा।

## स्त्री की फोटो उसकी बिना इजाजत के खींचना या शेयर करना कितना गम्भीर अपराध होता है जानिए/महिला से सम्बंधित कानून(Women's law)

**महिला कानूनी जानकारी**

**लेखिका श्रीमती ज्योति चौहान।**



**महिलाओं** के हितों में अगर दण्ड संहिता,1860 की बात करे तो बहुत से कानून बने हैं। आज से हम जिस अपराध की बात कर रहे हैं वह अपराध वर्तमान में हर महिलाओं के साथ घटित हो रहा है, लेकिन जानकारी के अभाव में कुछ महिलाएं इसकी शिकायत नहीं कर पाती है। अगर कोई व्यक्ति किसी भी महिला की फ़ोटो खिंचता है और उसके बाद उसे व्हाट्सएप, फेसबुक, instrogram, ट्विटर या अन्य सोशल मीडिया आदि पर बिना उसकी सहमति(इजाजत) के शेयर करे तो वह सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम,2000 की धारा 66(श्व) के अंतर्गत अपराध तो होगा, लेकिन भारतीय दण्ड संहिता के अंतर्गत भी ऐसे अपराध में स्नद्ब्रक्र दर्ज हो सकती है जानिए।

**भारतीय दण्ड संहिता,1860 की धारा 354 ग की परिभाषा-**

**अगर कोई पुरुष किसी महिला की निम्न स्थिति में तश्वीर लेगा-**

1. स्नान करते समय फ़ोटो लेना या वीडियो बनाना।
2. किसी भी प्रकार के होटल ,शौचालय आदि में कैमरे लगाकर महिला की प्राइवेट फ़ोटो लेना वीडियो बनाना, उस फ़ोटो,वीडियो को शेयर करने की धमकी देना ,शेयर करना आदि।
3. पति,दोस्त, नातेदार आदि द्वारा फ़ोटो खिंच कर या वीडियो बनाकर बिना उसकी मर्जी के किसी भी प्रकार से शेयर करना।
4. बिना महिला की इज्ज़त के उसकी फोटो या किसी भी प्रकार की वीडियो बनाना।

उपर्युक्त कृत्य धारा 354 ग के अंतर्गत दण्डनीय अपराध है।

(**नोट-** शादी पार्टी, मीडिया कवरेज आदि द्वारा ली गई फ़ोटो या बनाई गई वीडियो अपराध नहीं होगी।)

**भारतीय दण्ड संहिता,1860 की धारा 354 ग के अंतर्गत दण्ड का प्रावधान-**

इस धारा के अपराध किसी भी प्रकार से समझौता योग्य नहीं है। इस अपराध के दण्ड को दो भागों में बांटा गया है-

1. प्रथम बार अगर कोई व्यक्ति इस अपराध को करता है तो यह संज्ञेय एवं जमानतीय अपराध होगा। इसकी सुनवाई किसी भी न्यायिक मजिस्ट्रेट के पास होगी। सजा- इस अपराध के लिए कम से कम एक वर्ष की कारावास एवं अधिकतम तीन वर्ष की हो सकती है जुर्माने के साथ।
2. अगर यही अपराध, अपराधी दूसरी बार भी करता है, यह संज्ञेय एवं अजमानतीय अपराध होगा, इनकी सुनवाई का अधिकार किसी भी न्यायिक मजिस्ट्रेट को होता है। सजा- इस अपराध के लिए कम से कम तीन वर्ष की कारावास एवं अधिकतम सात वर्ष तक हो सकती है जुर्माने के साथ।

- **लेखिका श्रीमती ज्योति चौहान(महिला सामाजिक कार्यकर्ता एवं समाज सेविका अलीगढ़, उत्तर प्रदेश)**

# अहिरवार समाज संघ युवा प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष बने सुनील बामने

**युवा प्रदेश नेटवर्क**



**भोपाल।** अहिरवार समाज संघ मध्य प्रदेश की तिमाही बैठक का आयोजन दिनांक 19/12/21 को संत रविदास मंदिर जिंसी चौराहा भोपाल में किया गया। बैठक में प्रदेश पदाधिकारी राजेश अहिरवार जी, अमान सिंह नरवरिया जी, संगीता गोलिया जी, संजेश गोलिया जी, माधव सिंह अहिरवार जी, विनय कुमार बामने जी, भाव सिंह मांडरे जी अभयराम चौधरी जी, एवं भोपाल रायसेन होशंगाबाद गुना विदिशा छिंदवाड़ा राजगढ़ सीहोर हरदा बैतूल एवं अन्य जिलों से संभाग एवं जिला पदाधिकारी सम्मिलित हुए बैठक में प्रदेश कार्यकारिणी की अनुशंसा पर सुनील बामने को उनकी समाज में सक्रियता को देखते हुए प्रदेश अध्यक्ष युवा प्रकोष्ठ नियुक्त किया गया है । उनकी इस नियुक्ति पर अहिरवार समाज के साथ-साथ अन्य संगठनों एवं समाजसेवियों ने भी उन्हें बधाई दी है।



## भोपाल की फिज़ा खान बनीं गेस्ट ऑफ ऑनर

**दिल्ली।** एक भव्य समारोह के अंतर्गत मैजिक बुक ऑफ रिकॉर्ड्स संस्थान ने अपना वार्षिक सांस्कृतिक कार्यक्रम और सम्मान समारोह आयोजित किया। संस्था के इस रंगारंग कार्यक्रम में देश और विदेश की नामी-गिरामी खिलाड़ियों और नृत्यांगनाओं ने शिरकत की। भोपाल शहर की सुपरिचित समाज सेविका श्रीमती फिजा अली खान को इस समारोह में गेस्ट ऑफ ऑनर के रूप में नवाजा गया। ज्ञात हो श्रीमती फिजा अली खान अपनी समाज सेवा, कोविड वारियर की पहचान द्वारा देश भर के समाज सेवा को सम्मानित करने वाले धरातलों पर सम्मानित होती आई हैं। भोपाल शहर की समाज सेवीका फिजा अली खान को उनकी बेहतर निष्काम समाज सेवा के बदले पूर्व में भी बहुत सी संस्थाओं के द्वारा सम्मानित किया जा चुका है। 2 दिन चले मैजिक बुक ऑफ रिकॉर्ड्स के इस सम्मान समारोह और सांस्कृतिक संध्या में देश भर से पधारे कलाकारों और समाज सेवकों ने अपनी उपस्थिति दर्ज की।



*रमन बामने और अतरसिंह भारतीय जी की मदद से और अपनी सूझबूझ से विवादित मुद्दे को सुलझाते हुए, अंतर्राजातीय शादी करवाई। नव युगल को सुखमय जीवन के लिए हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं देते हुए समाज में नई जनसंवेदना देते हुए युवा समाजसवी रूढीवादी प्रथाओं को नकारते हुए अंतर्राजातीय विवाह करने वाले को युवा समाजसेवी कर रहे प्ररित।*



# राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय शिविर का समापन हुआ



**होशंगाबाद।** राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय शिविर के समापन सत्र में गोद ग्राम डोंगरवाडा में कोविड-19 नियम का पालन करते हुए महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. श्रीमती कामिनी जैन के मार्गदर्शन एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी डॉ. हर्षा चचाने एवं डॉ. रीना मालवीय के नेतृत्व में स्वयं सेविकाओं द्वारा प्रभात फेरी निकाली गई। महाविद्यालय के योग शिक्षक श्री रघुवीर सिंह राजपूत द्वारा योगा, पीटी, परेड का आयोजन करवाया गया। परियोजना कार्य के अंतर्गत ग्राम में जाकर पर्यावरण संरक्षण पर नुक्कड नाटक एवं दीवार पर लेखन कार्य किया गया। समापन सत्र में का शुभारंभ मां सरस्वती एवं प्रेरणा पुरुष स्वामी विवेकानंद जी के छाया चित्र पर माल्यार्पण कर किया गया कार्यक्रम में मुख्य अतिथियों का स्वागत किया गया स्वयंसेविका द्वारा सरस्वती वंदना प्रस्तुत की गई एवं स्वयं सेविकाओं के द्वारा अतिथियों के सत्कार में गीत प्रस्तुत किया गया एवं राष्ट्रीय सेवा योजना का लक्ष्य गीत कार्यक्रम प्रस्तुत प्रस्तुत किया गया। आयकर विभाग से सेवानिवृत्त श्री राकेश पालीवाल जी ने अपने स्वागत उद्बोधन में बताया कि हमें सभी को गांव से जुड़ना चाहिए और यदि आपके पिता कृषक है तो इसमें गौरान्वित होना चाहिए श्री पालीवाल ने बताया कि हमे जैविक खेती के लिए प्रयासरत रहना चाहिए जैविक खेती हमारे स्वास्थ्य एवं प्रकृति के लिए उत्तम है। प्राचार्य डॉ. श्रीमती कामिनी जैन ने बताया कि इस शिविर को आदर्श शिविर की संज्ञा दी जा सकती है। इस गांव के सर्वांगीण विकास करने का प्रयास किया जाएगा। इसके लिए गांव के लोग हमसे जुड़ गए हैं। किसी भी स्थान के विकास में स्थानीय लोगों की सहभागिता अति आवश्यक है। गॉव के विकास हेतु ग्रामीण एवं संस्था द्वारा संयुक्त प्रयास किया जायेगा। श्रीमती संध्या थापक ने राष्ट्रीय सेवा योजना के सफल शिविर पर शुभकामनाएं प्रेषित की है। श्री प्रसाद दास गुरु जी ने बताया कि इस प्रकार का आयोजन एवं समाज सुधार का कार्य करने से लोगों में अच्छे विचारधाराओं का देखने को मिलता है वह पूरा गांव आपके साथ हैं। समापन सत्र में स्वयंसेविकाओं ने अपने 7 दिन के अनुभवों को साझा करते हुए बताया कि गांव की महिलाएं, किशोरिया एवं बच्चों से उनका सामंजस्य हो गया है, स्वच्छता के प्रति जागरूक हुए हैं। राष्ट्रीय सेवा योजना की कार्यक्रम अधिकारी हर्षा चचाने द्वारा प्रतिवेदन प्रस्तुत करते हुए बताया कि 7 दिन में छात्राओं द्वारा रैली, नुक्कड़ नाटक, दीवार लेखन कार्य, बाल संरक्षण, कोविड-19, मतदाता जागरूकता, स्वच्छता, कन्या भ्रूण हत्या, पर्यावरण संरक्षण जैसे महत्वपूर्ण विषय पर किया गया। कार्यक्रम में सात दिवस में उत्कृष्ट कार्य करने वाली छात्राओं को प्रमाण पत्र एवं पुरस्कार वितरित कर सम्मानित किया गया साथ ही समस्त छात्राओं को सहभागिता प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। कार्यक्रम में सौम्या चौहान का विशेष सहयोग रहा एवं सभी अतिथियों का आभार कार्यक्रम अधिकारी डॉ. रीना मालवीय द्वारा किया गया। समापन सत्र में डॉ. हंसा व्यास, श्री शिवमंगल सिंह चौहान, प्राध्यापक डॉ. श्रीकांत दुबे, डॉ किरण पगारे, डॉ. भारती दुबे, डॉ. कंचन ठाकुर, डॉ. नीतू पवार, श्री रफीक अली, श्री घनश्याम डेहरिया, श्री शैलेंद्र मौर्य, श्री आशुतोष तिवारी, ग्रामीण बच्चे तथा अधिक मात्रा में ग्रामवासी उपस्थित रहे। इस अवसर पर स्वयंसेविका पूजा गोस्वामी, निधि दुबे, अंशिका गुप्ता, राधिका यादव, रिया गौर, हर्षा पुरोहित वर्षा पुरोहित दीपशिखा स्वयंसेविकाऍं उपस्थित रहीं।

# अहिरवार समाज संघ युवा प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष बने सुनील बामने, और रामस्वरूप मांडले संभागीय सचिव नर्मदापुरम से नियुक्त

### अहिरवार समाज संघ मध्य प्रदेश की तिमाही बैठक का आयोजन संत रविदास मंदिर जिंसी चौराहा भोपाल में किया गया

**आर मांडले**

**पिपरिया।** बैठक में प्रदेश पदाधिकारी राजेश अहिरवार जी, अमान सिंह नरवरिया जी, संगीता गोलिया जी, संजेश गोलिया जी, माधव सिंह अहिरवार जी, विनय कुमार बामने जी, भाव सिंह मांडरे जी अभयराम चौधरी जी, एवं भोपाल रायसेन होशंगाबाद गुना विदिशा छिंदवाड़ा राजगढ़ सीहोर हरदा बैतूल एवं अन्य जिलों से संभाग एवं जिला पदाधिकारी सम्मिलित हुए बैठक में प्रदेश कार्यकारिणी की अनुशंसा पर श्री सुनील बामने, रामस्वरूप मांडले, को उनकी समाज में सक्रियता को देखते हुए प्रदेश अध्यक्ष युवा प्रकोष्ठ, और रामस्वरूप मांडले जी को संभागीय सचिव नर्मदापुरम से नियुक्त किया गया है ।

उनकी इस नियुक्ति पर अहिरवार समाज के साथ-साथ अन्य संगठनों एवं समाजसेवियों ने भी उन्हें बधाई दी है । बधाई देने वालों में होशंगाबाद से एडवोकेट गुमान सिंह मांडले, कन्हैयालाल बामने भागचंद बरगले संतोष पथौरिया मनमोहन अहिरवार आर. मांडले टीकाराम अहिरवार आदि, गुना जिले से कन्हैया राम अहिरवार भंवर लाल अहिरवार संतोष भारतीय कविता कश्यप रायसेन जिले से एसएस बम्होरिया मुन्नालाल नोनेरिया संतोष




चौधरी गौरव चौधरी जगदीश अहिरवार हेमंत चौधरी नेपाल अहिरवार बृजेश अहिरवार हल्के वीर अहिरवार चैन सिंह सिसोदिया सुरेश माण्डले रवि माण्डले आदि एवं अन्य जिलों से देवेंद्र चौधरी दमोह, राकेश चौधरी डिंडोरी, ललित बनावल डिंडोरी, राकेश चौधरी सागर, जयवीर सिंह दतिया, गबुर सिंह इंदौर, दिनेश राठौर उज्जैन, गिर्राज अहिरवार शाजापुर, दिलीप विन्जाडे बेतूल, श्रीराम घोड़ाडोंगरी, शैतान सिंह अहिरवार विदिशा, शिवलाल वर्मा राजगढ़, हेमराज वर्मा राजगढ़, राकेश कुशवाहा बीना, हरिशंकर अहिरवार धमना, बसंत चौधरी मंडला, शेखर अहिरवार बालाघाट, देशराज सिंह कुरवाई, विजय सिंह सिरोंज, संगीता चंद्रावल विदिशा, सरिता चौधरी नरसिंहपुर, अनिता अहिरवार दमोह, सविता अहिरवार सागर, प्रीति बास्कर छिंदवाड़ा, कविता कश्यप गुना, पुष्पा अहिरवार शाजापुर, अनीता अहिरवार टिमरनी, एवं अन्य लोगों ने बधाई प्रेषित की हैं। सहित समस्त समाज जनों ने उनकी नियुक्ति पर बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं।

# लोकतंत्र का गला घोंटकर सत्तापक्ष के आतंक एवं तानाशाही की जीत हुई- देवेन्द्र तिवारी



**बैकुंठपुर।** बैकुंठपुर एवं चरचा नगरीय निकाय चुनाव में सत्तापक्ष ने प्रशासन के माध्यम से चुनाव लड़ा। आमजनता ने इस चुनाव में सत्ता का आतंक देखा। इस संबंध में पूर्व जिपं सदस्य एवं भाजपा जिला उपाध्यक्ष देवेन्द्र तिवारी ने आरोप लगाया है कि पूरा चुनाव मनमाने ढंग से प्रशासन को मोहरा बनाकर कांग्रेस ने लड़ा है। यहां पर भय और आतंक की जीत हुई है और लोकतंत्र की हत्या की गई है। सत्ता के नशे में चूर कांग्रेस नेता किसी भी कीमत पर अपनी जीत चाहते हैं उसके लिए चाहे जिस तरह के भी हथकंडे अपनाए जाएं। हमारी पार्टी की ओर से प्रत्याशियों द्वारा फर्जी मतदान की लगातार शिकायत की गई किंतु प्रशासन ने इस पर कोई ध्यान नहीं दिया। इसके बाद भी कई सीटों पर वो हमें चाहकर भी नहीं हरा पाए लेकिन जिन सीटों पर कम वोटों से हार हुई है।वहां हम प्रमाण सहित यह साबित करेंगे कि किस तरह सत्ता का दुरूपयोग कर इस चुनाव को अपने पक्ष में किया गया है। में कई गम्भीर त्रुटियां की गई हैं जिनको लेकर हम राज्य निर्वाचन आयोग में शिकायत के लिए पार्टी के वरिष्ठ नेताओं से आग्रह करेंगे। भाजपा के विजयी उम्मीदवारों को बधाई- पूर्व जिपं सदस्य श्री तिवारी ने दोनों नगरीय निकाय चुनावों में भाजपा के विजयी उम्मीदवारों को बधाई प्रेषित किया है।और उन्होंने उम्मीद जताया है कि दोनों नगरीय निकायों में अध्यक्ष उपाध्यक्ष के चुनावों में पार्टी का प्रदर्शन अच्छा रहेगा। कांग्रेस अंतर्कलह का शिकार होगी। जिन उम्मीदवारों ने विपरीत परिस्थितियों में भी आमजनता के समर्थन से डट कर मुकाबला किया वो प्रशंसा के पात्र हैं। पार्टी आगे भी जिला संगठन के नेतृत्व में जनहित में अपनी लड़ाई जारी रखेगी और कांग्रेस को जनता के बीच जाकर बेनकाब करेगी।

# चैतन्य मिश्रा मध्यप्रदेश श्रमजीवी पत्रकार संघ प्रदेश सह चुनाव अधिकारी बने पत्रकारों ने दी शुभकामनाएं

**अनूपपुर।** मध्यप्रदेश श्रमजीवी पत्रकार संघ के चतुर्थ प्रांतीय कार्यकारिणी बैठक मध्य प्रदेश के उज्जैन जिले के बड़नगर में आयोजित हुई थी जहां पर आगामी 31 मार्च और 1 अप्रैल को होने वाले 3 वर्षीय प्रदेश अध्यक्ष चुनाव की घोषणा के साथ ही अनूपपुर जिले के महासचिव चैतन्य मिश्रा को प्रदेश से चुनाव अधिकारी मुख्य चुनाव अधिकारी डॉ नागेंद्र सिंह राजावत ने मंच से की इससे पहले चैतन्य मिश्रा अनूपपुर जिला कार्यकारिणी के महासचिव के पद पर पदस्थ थे और उन्होंने अपने महासचिव के पद से इस्तीफा देने की घोषणा की उनके इस्तीफा देते ही सभागार में सन्नाटा छा गया लेकिन मंच पर मुख्य चुनाव अधिकारी डॉ नागेंद्र सिंह राजावत के घोषणा करते ही तालियों से सभी ने स्वागत किया प्रदेश अध्यक्ष शलभ भदौरिया मुख्य प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष शरद जोशी मुख्य प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष मोहम्मद अली प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष उपेंद्र गौतम कार्यकारी अध्यक्ष अनिल त्रिपाठी अध्यक्ष मंडल के संयोजक राजकुमार दुबे सहसंयोजक मनोज द्विवेदी प्रदेश उपाध्यक्ष दिनेश अग्रवाल छानबीन समिति के संयोजक अजय शुक्ला प्रदेश सह सचिव मेहंदी हसन शहडोल संभाग के संभागीय अध्यक्ष अजीत मिश्रा अनूपपुर शहडोल और उमरिया के जिला अध्यक्ष मुकेश मिश्रा राहुल सिंह राणा और बाबा कौशल पाठक कार्यकारी अध्यक्ष राजेश पयासी सहित अनूपपुर जिले के अनुशासन समिति के जिला संयोजक विजय उर्मलिया तथा मध्य प्रदेश श्रमजीवी पत्रकार संघ के सभी सम्मानित साथियों ने मुख्य चुनाव अधिकारी डॉ नागेंद्र सिंह राजावत के द्वारा सह चुनाव अधिकारी पद पर श्री मिश्रा की नियुक्ति पर खुशी व्यक्त करते हुए यह आशा की है कि निष्पक्ष और निर्विवाद चुनाव कराने में चैतन्य मिश्रा की महती भूमिका होगी चैतन्य मिश्रा के प्रदेश सह चुनाव अधिकारी बनने पर अनूपपुर जिले के महासचिव के पद रिक्त हुआ जिस पर अनूपपुर के जिलाध्यक्ष मुकेश मिश्रा ने जिसको देखते हुए मध्यप्रदेश श्रमजीवी पत्रकार संघ के प्रदेश अध्यक्ष आदरणीय शलभ भदौरिया जी की सहमति एवं मुख्य कार्यकारी अध्यक्ष मोहम्मद अली तथा प्रदेश अध्यक्ष मंडल के सह संयोजक मनोज द्विवेदी जी के निर्देश पर संभागीय अध्यक्ष अजीत मिश्रा की सहमति से अनूपपुर जिला इकाई में महासचिव के पद पर साथी मनीष गोयनका की नियुक्ति की गई है।अनूपपुर जिला इकाई के महासचिव साथी चैतन्य मिश्रा को सह चुनाव अधिकारी बनाए जाने के कारण जिले में महासचिव का पद रिक्त था। दोनों ही पत्रकारों की नियुक्ति पर जिले के पत्रकारों जिसमें अरविंद बियानी, प्रेमचंद अग्रवाल, भरत मिश्रा, ज्ञान चंद जयसवाल, राजेश शुक्ला, अमित शुक्ला, राजन कुमार, कमलेश मिश्रा, राजेश सिंह ,मनीष त्रिपाठी, योगेन्द्र सिंह,बिज्जू थामस,पुष्पेन्द्र त्रिपाठी, रमेश तिवारी, दुर्गा मिश्रा, सोनू मसीह, गिरधारी अग्रवाल,आदित्य सिंह, सुमिता शर्मा, अनीश तिगाला, विकास पाण्डेय ,मृगेन्द्र सिंह, मनोज सिंह, अनुपम सिंह,, आनंद पाण्डेय, मदनमोहन मिश्रा,बद्रीनाथ तिवारी, राजकुमार शुक्ला, रवि,अक्कू यादव , प्रकाश तिवारी, प्रकाश सिंह, हिमांशु बियानी, दीपक सिंह, सुधाकर मिश्रा, धर्मेंद्र कांत तिवारी श्री राम केवट निजामुद्दीन रामभुवन गौतम, संदीप गर्ग,पवन गौतम, दिगम्बर शर्मा, धनपत पटेल,विवेक गौतम,प्रदीप मिश्रा, प्रदीप कुमार मिश्रा कोतमा, पुष्पेंद्र रजक,जीवन यादव, अविरल मिश्रा, हेतराम राठौर, अनिल राठौर, सूरज राठौर, और विजय राठौर आदि सहित जिले भर के पत्रकारों ने शुभकामनाएं प्रेषित किया है।



# शासकीय गृह विज्ञान स्नातकोत्तर महाविद्यालय में तीन दिवसीय युवा उत्सव का शुभारंभ किया गया

***होशंगाबाद। शासकीय गृह विज्ञान स्नातकोत्तर महाविद्यालय में दिनांक 22.12.21 से तीन दिवसीय युवा उत्सव का शुभारंभ किया गया।तीन दिवसीय युवा उत्सव में लगभग 22 प्रतियोगिता का आयोजन किया जाना है।***




युवा उत्सव के उद्घाटन सत्र में मुख्य अतिथि नगर के साहित्यकार, कवि श्री अशोक जमनानी ,विशिष्ट अतिथि डॉ. ओ. एन. चौबे प्राचार्य शासकीय नर्मदा महाविद्यालय होशंगाबाद, विशिष्ट अतिथि श्रीमती संध्या थापक,महाविद्यालय की प्राचार्य श्रीमती कामिनी जैन ,वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ किरण पगारें एवं युवा प्रभारी डॉ संध्या राय ने अपनी गरिमामयी उपस्थिति प्रदान की। मां सरस्वती के पूजन एवं दीप प्रज्ज्वलन के पश्चात युवा उत्सव का शुभारंभ किया गया। प्राचार्य एवं महाविद्यालय परिवार द्वारा अतिथियों का स्वागत सत्कार किया गया। युवा उत्सव प्रभारी डॉ. संध्या राय ने तीन दिवसीय युवा उत्सव का प्रतिवेदन प्रस्तुत करते हुए अपने उद्बोधन में कहा कि शिक्षा का उद्देश्य सिर्फ डिग्री प्राप्त करना नहीं अपितु विचारबान बनाना है। युवा उत्सव आपके अंदर आत्मविश्वास के साथ साथ चाहुमुखी प्रतिभा का विकास करते हैं। मुख्य अतिथि श्री अशोक जमनानी ने छात्राओं को सूचित करते हुए कहा कि युवा के जीवन का प्रतिक्षण उत्सव होता है। मनुष्य के जीवन में कला रही तो संपूर्ण जीवन उत्साह बना रहेगा। युवा उत्सव आपके जीवन में एक रचनात्मक तहजीब लाता है। मनुष्य अपने आचरण से निर्धारित करता है कि वह विचारवान प्राणी है या बंदर। डॉ. ओ. एन चौबे ने अपने उद्बोधन में कहा कि शैक्षणिक सत्र के अनुभव जीवन भर याद रखने वाली स्मृति है। युवा उत्सव की विभिन्न विधाओं में भाग लेकर अपनी क्षमताओं में वृद्धि करें । उद्घाटन सत्र में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. श्रीमती कामिनी जैन ने अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में कहा कि महाविद्यालय आप को शिक्षित के साथ-साथ संस्कार वान बनाता है। संस्कार आपके अंदर नैतिक गुणवत्ता को विकसित कर समाज की मजबूत धुरी बनाते हैं। कोविड के पश्चात यह युवा उत्सव आपके सीखने का महत्वपूर्ण आधार बिंदु सिद्ध हो सकता है। पिछले 2 वर्षों के बाद आप बढ़-चढ़कर इन प्रतियोगिताओं में भाग लेकर अपनी कार्यक्षमता में वृद्धि कर सकते हैं। महाविद्यालय स्तर पर विजेता छात्रा अगले स्तर पर अगले स्तर पर सहभागिता करेंगी हमें विश्वास है कि हमारी छात्रा राज्य स्तर तक महाविद्यालय का प्रतिनिधित्व कर अपना परचम लहराएंगी। युवा उत्सव के प्रथम दिवस पोस्टर प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर श्रेया यादव, द्वितीय स्थान वैशाली साबले, तृतीय स्थान पर साक्षी यादव रहीं। दृश्य चित्रण में प्रथम पलक चौकसे, द्वितीय अनन्या परसाई, तृतीय वर्तिका विंजीलिया रहीं। कोलाज में प्रथम संचारी दुबे, द्वितीय कनिष्का गोहारिया एवं तृतीय मुस्कान रहीं। क्ले मॉडलिंग में प्रथम वैशाली बकोरिया, द्वितीय लसिका देसबाडी, तृतीय अंजली चौहान रहीं। कार्टूनिंग में प्रथम रोशनी यादव, द्वितीय वैशाली बकोरिया, तृतीय श्रेया यादव रहीं। रंगोली प्रतियोगिता में प्रथम वैशाली साबले, द्वितीय वर्तिका विंजालिया, तृतीय छबि बमनोतिया रहीं। प्राचार्य ने विजेता छात्राओं को शुभकामनाएँ दीं कार्यक्रम का सफल संचालन डॉ श्रुति गोखले ने एवं आभार डॉ. रामबाबू मेहर ने किया। इस अवसर पर महाविद्यालय परिवार एवं भारी संख्या में छात्राएँ उपस्थित रही।

## प्रेक्षक ने सिलवानी में निर्वाचन संबंधी कार्यों का लिया जायजा



रायसेन। जिले में त्रि-स्तरीय पंचायत निर्वाचन 2021-22 कार्य के पर्यवेक्षण हेतु निर्वाचन आयोग द्वारा नियुक्त चुनाव प्रेक्षक सेवानिवृत्त आईएएस श्री प्रदीप खरे द्वारा सिलवानी में जनपद पंचायत सदस्य के निर्वाचन हेतु अभ्यर्थियों को प्रतीक चिन्ह आवंटन सहित निर्वाचन संबंधी कार्यो का अवलोकन किया गया।













# राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर में दंत परीक्षण किया गया




**होशंगाबाद।** राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय आवासीय षिविर गोद ग्राम डोगरवाड़ा में कोविड- 19 नियम का पालन करते हुऐ महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. श्रीमती कामिनी जैन के मार्गदर्षन में मतदान जागरूकता एवं दंत परीक्षण कार्य किया गया। राष्ट्रीय सेवा योजना की कार्यक्रम अधिकारी डॉ. हर्षा चचाने, डॉ. रीना मालवीय के नेतृत्व में षिविर की दैनिक दिनचर्या अनुसार प्रातः प्रभात फेरी निकाली गई जिसमें छोटे बच्चों एवं ग्रामवासियों में भी सहभागिता दी। प्रातः महाविद्यालय के योग षिक्षक श्री रघुवीर राजपूत द्वारा पी.टी. योग एवं परेड का अभ्यास कराया गया। परियोजना कार्य के अन्तर्गत स्वयं सेविकाओं द्वारा मतदाता जागरूकता पर नारे लगाते हुए गांव के लोगो को जागरूक किया। स्वयं सेविकाओं में गांव के मुख्य चौराहे में मतदान जागरूकता के लिए नुक्कड़ नाटक का प्रदर्षन किया जिसमें बडी संख्या में ग्रामवासियों द्वारा नाटक देखा गया एवं नाटक की सराहना भी की। गांव के छोटे बच्चों ने भी नारे लगाये - 'सारे काम छोड दो- सबसे पहले वोट दो मतदान हर नागरिक का अधिकार है। जैसे नारो का दीवार पर लेखन कार्य भी किया गया डॉ. चचाने द्वारा मतदान की शपथ दिलाई गई। महाविद्यालय की छात्रा दीया मेहरा आज संस्थान द्वारा ग्रामीण बच्चों को स्कूल बच्चों को गुडटच, बेडटच के बारे में बताया। आज षिविर के माध्यम से निःषुल्क दंत परीक्षण कराया गया। होषंगाबाद के दंत रोग विषेषज्ञ डॉ. शान्तनु श्रीवास्तव द्वारा ग्राम डोगरवाडा के ग्रामवासियों का दंत परीक्षण किया गया। षिविर में स्वयं सेविकाओं, एवं गांव के लगभग 800 बच्चों, युवा और बुजुर्गो के दांतों से संबंधित समस्याओं का निवारण किया गया। डॉ. शान्तनु द्वारा बच्चों को ब्रष एवं टुथ पेस्ट निषुल्क वितरित किये गये। डॉ. शान्तनु नें ग्रामवासियों जिनको दंत संबंधी समस्या थी उनके परीक्षण हेतु दोवारा षिविर लगाने की बात की गई। दंत समस्याओं में बच्चों के दांत में कीड़े लगना, दांत दर्द, पायरिया जैसी समस्या पाई गई। डॉ. शांन्तनु ने बच्चों को दोनो समय ब्रष करने की सलाह दी। बौद्धिक सत् में डॉ. हंसा व्यास ने अपने उद्बोधन में बताया कि छात्राओं को सभी बाते अपने माता पिता से साझा करना चाहिए माता पिता हमारी सबसे पहले गुरू होते है इसलिए अपने माता पिता का सम्मान करों। कार्यक्रम में डॉ. श्रीमती रष्मि श्रीवास्तव, डॉ. कचन ठाकुर, डॉ. रागिनी सिकरवार डॉ. कीर्ति दीक्षित, श्रीमती प्रीति ठाकुर, डॉ. नीतू पवार, डॉ. संगीता पारे, रफीक अली एवं बडी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहें।




## आवश्यकता

युवा प्रदेश नेटवर्क

*मध्यप्रदेश के सभी जिले व तहसीलों में संवाददाता नियुक्त किये जाने है। इच्छुक व्यक्ति संपर्क करें।*

युवा प्रदेश नेटवर्क,
प्रधान संपादक-नागेश नरवरिया
भोपाल (मप्र)मो.- 9755364204

## अपर मुख्य सचिव की अध्यक्षता में 7 सदस्यीय समिति गठित


**रायसेन।** राज्य शासन ने शुल्क, सुविधा शुल्क, भुगतान साइटों को यूजर फेंडली बनाने और डिजिटल भुगतान का प्रयोग बढ़ाने के लिये इनोवेटिव इंटेक सॉल्यूशन के साथ पार्टनरशिप एवं अन्य बिन्दुओं के संबंध में विचार कर प्रतिवेदन प्रस्तुत करने 7 सदस्यीय एक समिति का गठन किया गया है। श्री एस.एन मिश्रा अपर मुख्य सचिव जल संसाधन एवं परिवहन समिति के अध्यक्ष बनायें गये है। अन्य सदस्यों में श्री संजय दुबे प्रमुख सचिव ऊर्जा, श्री अमित राठौर प्रमुख सचिव विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी, श्री मनीष सिंह प्रमुख सचिव नगरीय विकास एवं आवास, श्री ज्ञानेश्वर बी. पाटिल आयुक्त कोष एवं लेखा, डॉ. संजय गोयल सचिव राजस्व शामिल है।



## वैज्ञानिक पद्धति से मधुमक्खी पालन आर्थिक स्वावलंबन का सस्ता साधन

# विषय पर वेबीनार के द्वितीय एवं तृतीय दिवस विशेषज्ञों एवं वक्ताओं द्वारा छात्राओं को मार्गदर्शित किया गया, शहद को शहद नही सेहत मानिये - डॉ. श्रीमती कामिनी जैन।?

**होशंगाबाद।** शासकीय गृह विज्ञान स्नातकोत्तर अग्रणी महाविद्यालय होशंगाबाद में मेपकास्ट के सौजन्य से आयोजित ''वैज्ञानिक पद्धति से मधुमक्खी पालन आर्थिक स्वावलंबन का सस्ता साधन'' विषय पर वेबीनार के द्वितीय एवं तृतीय दिवस विशेषज्ञों एवं वक्ताओं द्वारा छात्राओं को मार्गदर्शित किया गया। डॉ. श्रीमती कामिनी जैन ने अपने उद्बोधन में कहा कि इस वेबीनार में मधुमक्खी की महत्ता, गुण, उत्पादन एवं रोजगार से संबंधित विशेषज्ञों की जानकारी से छात्राऍं लाभांवित हुई। मधुमक्खी कीट वर्ग का प्राणी है मधुमक्खी से प्राप्त शहद अत्यंत पौष्टिक एवं गुणवत्ता से परिपूर्ण औषधीय पदार्थ है, स्वाद के साथ साथ शहद सेहत प्रदाता है। मधुमक्खी पालन कम व्यय से अधिक लाभ कमाने वाला व्यवसाय है। होशंगाबाद जिला कृषि प्रधान है। महाविद्यालय में अध्ययनरत बहुत सारी छात्राऍं कृषक परिवार से है, इस व्यवसाय को अपने खेत से ही प्रारंभ कर छात्राऍं रोजगार प्रदाता एवं सफल




उद्यमी बन सकती है। हमारे यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी का प्रयत्न है भारत हर क्षेत्र में आत्मनिर्भर हो भारत सरकार ने आत्मनिर्भर भारत के अंतर्गत मधुमक्खी पालन को सम्मिलित किया है। शहद को शहद नही सेहत मानिये। महान वैज्ञानिंक आइंसटीन ने भी कहा था कि अगर धरती से मधुमक्खियॉ खत्म हो गई तो मानव प्रजाति ज्यादा से ज्यादा चार वर्ष ही जीवित रहेगी। द्वितीय दिवस के मुख्य वक्ता डॉ. मोनी थामस ने अपने उद्बोधन में मधुमक्खी पालने से पूर्व वहॉ के ईको सिस्टम को समझना अतिआवश्यक है मधुमक्खी से शहद के अलावा महत्वपूर्ण तत्व रायल जेली प्राप्त होता है जो हमारे लिए अत्यंत लाभकारी है डॉ. थामस ने मधुमक्खी के विभिन्न प्रकार एवं जीवन चक्र से परिपूर्ण जानकारी साझा की। विशिष्ट वक्ता डॉ. आर. आर. राही ने मधुमक्खी संरक्षण के तरीकों एवं आवश्यकता पर विस्तृत चर्चा की डॉ. राही ने बताया कि लोग मधुमक्खी के शहद का दोहन नहीं अपितु दुरूपयोग कर रहे है। विशिष्ट वक्ता डॉ. संध्या मुरे ने अपने उद्बोधन में कहा कि शहद एंटीएलर्जिक, एंटी- वैक्टीरीयल गुण होते है। शहद त्वचा बाल एवं पाचन के लिए अत्यंत लाभकारी है यह मोटापे को नियंत्रित करता है तृतीय दिवस के अपने उद्बोधन में डॉ. मुरे ने मधुवाटिका प्रबंधन, मधुमक्खी परिवार का विभाजन, स्थानांतरण, शहद व मोम निष्कासन, मधुमक्खी के भोजन स्त्रोत, बीमारियों और मधुमक्खी के शत्रुओं से अवगत कराया। तृतीय दिवस के मुख्यवक्ता डॉ. एस.के. तिवारी ने मधुमक्खिों की प्रजाती, व्यवहार उत्पादन की प्रक्रिया पर वृहद जानकारी साझा की। वेबीनार के तृतीय दिवस डॉ. तिवारी ने मधुमक्खी पालन की आधुनिक तकनीक, मधुमक्खी के प्रकार किस प्रकार का वातावरण उपलब्ध कराया जाना चाहिए विषय पर वृहद चर्चा करते हुए बताया कि शहद वाली मधुमक्खी की सुरक्षा किस प्रकार करनी चाहिए। मधुमक्खी के बिना हमारा जीवन रसहीन हो जायेगा। वेबीनार का प्रतिवेदन प्रस्तुत करते हुए डॉ. अरूण सिकरवार ने इस व्यवसाय से होने वाले लाभ एवं वक्तव्य का मूल सारांश प्रस्तुत कर छात्राओं के पूछे गये प्रश्नों का समाधान किया। द्वितीय दिवस कार्यक्रम का सफल संचालन श्रीमती आभा वाधवा ने एवं आभार डॉ. रश्मि श्रीवास्तव ने किया। तृतीय दिवस का संचालन डॉ. निशा रिछारिया एवं आभार डॉ. कंचन ठाकुर ने किया। वेबीनार में डॉ. मनीष चन्द्र चौधरी, श्रीमती प्रीति ठाकुर, सौम्या चौहान, देवेन्द्र सैनी, डॉ. कीर्ति दीक्षित, डॉ. नीतू पवांर सक्रिय सहयोग प्रदान किया।

# जन स्वच्छता एवं व्यक्तिगत स्वास्थ्य के अंतर्गत राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा सात दिवसीय आवासीय शिविर का आयोजन किया गया

**होशंगाबाद।** जन स्वच्छता एवं व्यक्तिगत स्वास्थ्य के अंतर्गत राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा ग्राम डोंगरवाडा में सात दिवसीय आवासीय शिविर का आयोजन महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ कामिनी जैन के मार्गदर्शन में किया गया। सात दिवसीय विशेष शिविर के उद्घाटन सत्र में मुख्य अतिथि श्रीमती गुंजन पाठक एवं कार्यक्रम की अध्यक्ष डॉ. श्रीमती कामिनी जैन प्राचार्य शासकीय गृह विज्ञान स्नातकोत्तर महाविद्यालय ने सर्वप्रथम मां सरस्वती एवं प्रेरणा पुरुष स्वामी विवेकानंद जी की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। राष्ट्रीय सेवा योजना की स्वयं सेविकाओं द्वारा अतिथियों का तिलक एवं बैच लगाकर स्वागत किया गया, राष्ट्रीय सेवा योजना की स्वयं सेविकाओं द्वारा इस अवसर पर लक्ष्य गीत का गायन किया गया एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी। राष्ट्रीय सेवा योजना की कार्यक्रम अधिकारी डॉ. रीना मालवीय ने अपने स्वागत भाषण में सात दिवस में होने वाले गतिविधियों पर प्रकाश डाला एवं शिविर का प्रतिवेदन प्रस्तुत करते हुए बताया कि गांव में विभिन्न कार्यक्रमों द्वारा जागरूकता लाई जाएगी। आगामी कार्य योजना बताते हुए उन्होने ग्राम डोंगरवाडा में मद्य निषेध, मतदाता जागरूकता, पॉलिथीन का उपयोग ना करना, बाघ संरक्षण, स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन आदि किये जाने का उल्लेख किया। उन्होने कहा कि श्रमदान के



अंतर्गत प्रतिदिन जल स्थल की सफाई, बौद्धिक सत्र, खेलकूद सत्र, सांस्कृतिक सत्र आदि का आयोजन होगा। कार्यक्रम में उपस्थित विशिष्ट अतिथि श्री प्रसाद दास, श्री शिवमंगल सिंह चौहान जी.एस.टी. सलाहकार एवं महाविद्यालय के प्राध्यापक डॉ. अरूण सिकरवार ने इस अवसर पर स्वयं सेविकाओं को संबोधित किया। अतिथियों ने छात्राओं को मार्गदर्शन देते हुए कहा कि शिविर के माध्यम से हम अपने स्वयं का विकास तो करती हैं साथ ही हममें राष्ट्रीय एकता की स्थापना एवं नेतृत्व करना भी सिखाया जाता है। अपनी जिम्मेदारियों को बांटने के लिए एवं अपनी क्षमताओं का विकास करने के लिए हमें तत्पर रहना चाहिए। इस अवसर पर कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए प्राचार्य डॉ. श्रीमती कामिनी जैन ने राष्ट्रीय सेवा योजना के संदेश वाक्य मैं नहीं आप पर प्रकाश डालते हुए बताया कि इसका मुख्य उद्देश्य है कि सभी को सामुदायिक कार्यक्रमों में भाग लेना चाहिए। उन्होने स्वयं सेविका का उत्साहवर्धन किया एवं कहा कि पर्यावरण को सुरक्षित रखना हम सबकी जिम्मेदारी है और जन जागरूकता लाना हम सब का कर्तव्य है। कार्यक्रम का सफल संचालन राष्टीय सेवा योजना की राष्टीय स्तर की स्वयंसेवीका कु. सौम्या चौहान द्वारा किया गया एवं कार्यक्रम अधिकारी डॉ. हर्षा चचाने ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त करते हुए बताया कि गोद ग्राम में प्रतिदिन विभिन्न परियोजना कार्य किये जायेंगे एव बौद्धिक सत्र के दौरान व्याख्यान के माध्यम से स्वयंसेवीकाओं के व्यक्तित्व का विकास किया जाएगा तथा अनुशासन एवं अपने नैतिक कर्तव्य का पालन करना सिखाया जाएगा। उन्होंने बताया कि इस सात दिवसीय शिविर में लगभग 60 स्वयंसेवीकाऍं गांव में प्रतिदिन जागरूकता अभियान चलाएंगी। अंत में उन्होंने सभी अतिथियों का हृदय से आभार व्यक्त किया। शिविर स्थल के प्रांगण प्रभारी गुरूजी श्री प्रसाद दास के प्रति आभार व्यक्त करते हुए डॉ. हर्षा चचाने ने कहा कि गुरूजी ने इस शिविर के आश्रम प्रांगण में आयोजन की अनुमति दी इस हेतु हम आपके आभारी है। इस अवसर पर महाविद्यालय के विभिन्न प्राध्यापक एवं ग्रामवासी उपस्थित रहे।

## बच्चों के हाथों में भारत का भविष्य सुरक्षित है- मुख्यमंत्री

**रायसेन।** मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि बच्चों के हाथों में भारत का भविष्य सुरक्षित है। बच्चों में प्रतिभा, योग्यता और क्षमता की कोई कमी नहीं है। बच्चों के समक्ष आगे बढ़ने के अनेक रास्ते हैं। मनुष्य जैसा सोचता है वैसा ही बन जाता है। बच्चे अपनी प्रतिभा को निखार कर आगे बढ़ने का प्रयास करें। आप में से ही कोई इंजीनियर, डॉक्टर, मुख्यमंत्री और प्रधानमंत्री बनेंगे। मुख्यमंत्री श्री चौहान आजादी का अमृत महोत्सव अंतर्गत स्कूल शिक्षा विभाग दो दिवसीय ष्अनुगूँजष् कार्यक्रम के समापन सत्र को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि नई शिक्षा नीति में ज्ञान, कौशल और नागरिकता सभी का समावेश है। हम प्रदेश में नई शिक्षा नीति लागू कर प्रदेश को देश का अग्रणी राज्य बना रहे हैं। उन्होंने बच्चों से कहा कि आप सभी मुस्कुराते रहें, प्रसन्न रहे और लगातार प्रगति के पथ पर आगे बढ़ते रहे। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि आजादी हमें ऐसे ही नहीं मिली, हजारों क्रांतिकारियों ने देश की आजादी के लिए सर्वस्व न्यौछावर कर दिया। उनके त्याग, तपस्या और बलिदान से ही आजादी मिली है। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने आत्म-निर्भर भारत बनाने का संकल्प लिया है। उनके नेतृत्व में हम तेजी से आगे बढ़ रहे हैं। भारत को आप और हम मिलकर आत्म-निर्भर बना सकते हैं।


# बैकुंठपुर और शिवपुर चरचा में कांग्रेस का कब्जा, संसदीय सचिव अंबिका सिहदेंव की रणनीति ने दिलाई जीत



**कोरिया।** जिले में सम्पन्न हुए नगरीय निकाय चुनाव के परिणामों में कांग्रेस ने अप्रत्याशित जीत दर्ज कर सबको चौका दिया, कोरिया जिले के विभाजन पर जहां बड़ा विरोध था वहीं दोनों ओर कांग्रेस की सत्ता थी बावजूद संसदीय सचिव अंबिका सिंहदेव की रणनीति के दोनों नगरीय निकायों में कांग्रेस ने बाजी मारी है। मतगणना के बाद पहुंची संसदीय सचिव श्रीमति सिंहदेव का जबरदस्त स्वागत किया गया। वहीं मतगणना स्थल के बाद उनके नाम के नारे बार बार लोग लगा रहे थे। इस संबंध में संसदीय सचिव ने कहा कि ये जीत जनता की है, जीत का श्रेय मै जनता को देना चाहती हूं, क्योंकि जिस तरह से कोरिया के विभाजन को लेकर जनता को गुमराह किया गया, राजनीतिक तौर पर इस मुद्दे को भुनाने की कोशिश की गई, उसका जवाब जनता ने दिया है, हम विकास के मुद्दे पर चुनाव में गए थे और हमे जीत मिली है, मै सभी लोगों को बधाई देती हूं।

### कांग्रेस को जीत मिली

23 दिसंबर गुरूवार को कोरिया जिलामुख्यालय बैकुंठपुर के मिनी स्टेडियम में मतगणना स्थल पर सुबह से ही गहमागहमी रही, जिला निर्वाचन अधिकारी और कलेक्टर श्याम धावड़े सबसे पहले मौके पर पहुंचें, प्रशासन ने मतगणना के लिए पूरी व्यवस्था पूरी कर रखी थी, जिसके बाद मतों की गिनती 9 बजे शुरू हुई। बैकुंठपुर नगरीय निकाय के लिए 1 राउंड जबकि शिवपुर चरचा के लिए दो राउंड की मतों की गितनी होना था, बैकुंठपुर नगरीय निकाय चुनाव में वार्ड क्रमांक 1 में सबसे बड़ी प्रोफाइल सीट थी, जहां से कांग्रेस के युवा नेता आशीष डवरे की पत्नी सोनू डवरे और भाजपा के मंडल अध्यक्ष भानू पाल के बीच कड़ा मुकाबला देखा गया, भानू पाल ने यहां बाजी मार ली, वहीं दूसरी हाईप्रोफाइल सीट वार्ड क्रमांक 6 में पूर्व नपा अध्यक्ष शैलेष शिवहरे और कांग्रेस के आशीष यादव के बीच का था, जिसमें पूर्व से यह तय लग रहा था कि काम के नाम पर आशीष यादव शैलेष शिवहरे पर भारी पड़ सकते है, हुआ भी वैसा ही, भाजपा के उपाध्यक्ष शैलेष शिवहरे को यहां हार का सामना करना पडा, उनकी पत्नी नविता शिवहरे वार्ड क्रमांक 12 से



प्रपत्र–10


नगर पालिका निर्वाचन 2021
निर्वाचन परिणाम (पार्षद)

जिला – कोरिया

| क्र. | नगर पालिका का नाम | वार्ड क्रमांक | विजयी प्रत्याशी नाम | प्राप्त मत | दलीय संबद्धता | निकटतम प्रत्याशी नाम | प्राप्त मत | दलीय संबद्धता |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
| 01. | नगर पालिका परिषद् बैकुण्ठपुर | 1 | भानू कुमार पाल | 265 | भा.ज.पा. | सोनू डबरे | 236 | आई.एन.सी. |
| 02. | | 2 | सुनील गुप्ता | 227 | आई.एन.सी | कुसुम जायसवाल | 143 | भा.ज.पा. |
| 03. | | 3 | मनीष कुमार सिंह | 231 | आई.एन.सी. | एरियट मिन्ज | 146 | भा.ज.पा |
| 04. | | 4 | अनिल कुमार खटिक | 173 | भा.ज.पा. | शशि कुमार मांझी | 172 | आई.एन.सी. |
| 05. | | 5 | धीरज कुमार शिवहरे | 233 | आई.एन.सी. | गुलाब गुप्ता | 224 | भा.ज.पा. |
| 06. | | 6 | आशीष कुमार यादव | 248 | आई.एन.सी. | शैलेश शिवहरे | 172 | भा.ज.पा. |
| 07. | | 7 | अभिनेन्द्र सिंह | 327 | निर्दलीय | संतोष कुमार राजवाड़े | 230 | भा.ज.पा. |
| 08. | | 8 | बाबी | 300 | आई.एन.सी. | शिवम कुमार | 215 | भा.ज.भा. |
| 09. | | 9 | ममता पनिका | 298 | भा.ज.पा. | प्रगीता सिंह | 291 | आई.एन.सी. |
| 10. | | 10 | अहमदुल्ला फिरोज | 282 | आई.एन.सी. | अरशद | 176 | भा.ज.पा. |
| 11. | | 11 | मुर्शरत जहॉं | 339 | आई.एन.सी. | शाहजहॉं | 77 | भा.ज.पा. |
| 12. | | 12 | नविता शिवहरे | 286 | भा.ज.पा. | प्रखर जायसवाल | 96 | आई.एन.सी. |
| 13. | | 13 | अंकित गुप्ता | 231 | आई.एन.सी. | संतोष गुप्ता | 88 | भा.ज.पा. |
| 14. | | 14 | साधना जायसवाल | 197 | आई.एन.सी. | सरिता जायसवाल | 82 | भा.ज.पा. |
| 15. | | 15 | अवधेश नारायण सिंह | 82 | भा.ज.पा. | देवी प्रसाद खटिक | 56 | आई.एन.सी. |
| 16. | | 16 | अन्नपूर्णा सिंह | 241 | आई.एन.सी. | अर्चना गुप्ता | 152 | भा.ज.पा. |
| 17. | | 17 | शिल्पा गुप्ता | 220 | भा.ज.पा. | पूजा तिवारी | 195 | आई.एन.सी. |
| 18. | | 18 | ललिता सिंह | 162 | आई.एन.सी. | तोता रानी सिंह | 138 | भा.ज.पा. |
| 19. | | 19 | रिमा जायसवाल | 335 | भा.ज.पा. | जुबेदा बेगम | 106 | आई.एन.सी. |
| 20. | | 20 | संजय जायसवाल | 192 | निर्दलीय | कमल साय राजवाड़े | 118 | निर्दलीय |

सहायक रिटर्निंग ऑफिसर
नगर पालिका परिषद् बैकुण्ठपुर

विजयी रही। वहीं वार्ड क्रमांक 7 से निर्दलीय अभिनंदन चंदेल और वार्ड क्रमांक 20 से निर्दलीय संजय जायसवाल ने मारी। इसके अलावा वार्ड क्रमांक 4 में भाजपा के अनिल खटिक और कांग्रेस के शशि कुमार मांझी दोनों को 172-172 वोट मिले, जिसके बाद चीट उठाकर जीत तय की गई, जिसमें अनिल खटिक का जीत मिली। इस तरह भाजपा को वार्ड क्रमांक 1, 4, 9, 12, 15, 17, 19 में जीत मिली। भाजपा को 7 वार्डो में जीत मिली, इसी तरह कांग्रेस को वार्ड क्रमांक 2, 3, 5, 6, 8, 10, 11, 13, 14, 16, 18 में जीत मिली, कांग्रेस को 11 वार्डो में जीत मिली। तय है कि कांग्रेंस का अध्यक्षा और उपाध्यक्ष बैकुंठपुर नगर पालिका पर आसीन होगा। इस तरह बैकुंठपुर में भाजपा से भानू पाल, कांग्रेस से सुनील गुप्ता, कांग्रेस से मनीष सिंह, भाजपा से अनिल खटिक, कांग्रेस से धीरज शिवहरे, कांग्रेस से आशीष यादव, निर्दलीय अभिनंदन चंदेल, कांग्रेस से बाबी, भाजपा से ममता पनिका, कांग्रेस से फिरोज खान, कांग्रेस से नुसरत जहां, भाजपा से नविता शिवहरे, कांग्रेस से अंकित गुप्ता, कांग्रेस से साधना जायसवाल, भाजपा से अवधेश सिंह, कांग्रेस से अन्नपूर्णा सिंह, कांग्रेस से शिल्पा गुप्ता, कांग्रेस से ललिता सिंह, भाजपा से रीमा जायसवाल, और निर्दलीय संजय जायसवाल ने बाजी।



प्रपत्र – 10

नगरपालिका निर्वाचन 2021
निर्वाचन परिणाम (पार्षद)

| क्र0 | नगरपालिका का नाम | वार्ड कमांक | विजयी प्रत्याशी नाम | प्राप्त मत | दलीय संबद्धता | निकटतम प्रत्याशी नाम | प्राप्त मत | दलीय संबद्धता |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
| 1 | नगरपालिका परिषद शिवपुर चरचा | 1 | धर्मपाल | 310 | भारतीय जनता पार्टी | ईन्दासियी सोनवानी | 217 | इण्डियन नेशनल कांग्रेस |
| 2 | | 2 | प्रदीप कुमार राजवाडे | 320 | इण्डियन नेशनल कांग्रेस | रविश कुमार | 295 | भारतीय जनता पार्टी |
| 3 | | 3 | लालमुनी यादव | 419 | इण्डियन नेशनल कांग्रेस | शहनाज बानो | 212 | भारतीय जनता पार्टी |
| 4 | | 4 | संतोषी एक्का | 254 | इण्डियन नेशनल कांग्रेस | दिलकुंवर कंवर | 242 | भारतीय जनता पार्टी |
| 5 | | 5 | रामकली पाल | 75 | निर्दलीय | सुमित्रा ठाकुर | 71 | निर्दलीय |
| 6 | | 6 | पूनम शर्मा | 227 | इण्डियन नेशनल कांग्रेस | अंकिता कुमारी सिंह | 140 | भारतीय जनता पार्टी |
| 7 | | 7 | अरूण कुमार जायसवाल | 430 | भारतीय जनता पार्टी | अभिजीत सिंह | 82 | निर्दलीय |
| 8 | | 8 | संजय कुमार | 225 | भारतीय जनता पार्टी | हेमसागर यादव | 177 | इण्डियन नेशनल कांग्रेस |
| 9 | | 9 | सुनीता चर्मकार | 262 | इण्डियन नेशनल कांग्रेस | निरूपा | 220 | भारतीय जनता पार्टी |
| 10 | | 10 | लाल मोहम्मद | 182 | इण्डियन नेशनल कांग्रेस | राजन कुमार | 173 | निर्दलीय |
| 11 | | 11 | रेशमा परवीन | 315 | इण्डियन नेशनल कांग्रेस | देव कुमारी साहु | 110 | भारतीय जनता पार्टी |
| 12 | | 12 | कुण्डल साय | 201 | भारतीय जनता पार्टी | उर्मिला सिंह | 160 | इण्डियन नेशनल कांग्रेस |
| 13 | | 13 | राजेश सिंह (राजू) | 416 | भारतीय जनता पार्टी | सुखदेव साहु | 88 | इण्डियन नेशनल कांग्रेस |
| 14 | | 14 | कुमोद मिश्रा | 201 | निर्दलीय | मोहम्मद शाकिब ईराकी | 192 | इण्डियन नेशनल कांग्रेस |
| 15 | | 15 | प्रदीप तिवारी | 233 | इण्डियन नेशनल कांग्रेस | संतोष शर्मा | 169 | भारतीय जनता पार्टी |

रिटर्निंग ऑफिसर
नगरपालिका शिवपुरचरचा

### शिवपुर चरचा नपा में भी कांग्रेस

शिवपुर चरचा नपा में कांग्रेस के 8 पार्षद जीत कर आए है, जबकि भाजपा के 5 पार्षदों ने बाजी मारी है, 15 वार्डो में हुए चुनाव मे वार्ड नंबर 14 से निर्दलीय प्रत्याशी कुमोद मिश्रा ने जीत दर्ज की, श्री मिश्रा ने शपथ पत्र देकर जनता के बीच गए और यहां दूसरे नंबर पर कांग्रेस और भाजपा तीसरे नंबर पर रही, इसी तरह वार्ड क्रमांक 1, 7, 8, 12, 13 में भाजपा में बाजी मारी। वार्ड क्रमांक 13 से भाजपा के पूर्व नपा अध्यक्ष राजेश सिंह जीते। वहीं भाजपा के पूर्व पार्षद बसंत राय को हार का सामना करना पडा, कांग्रेस के भूपेन्द्र यादव की पत्नी ने भी जीत दर्ज की। निर्दलीय कुमोद मिश्रा को संसदीय सचिव अंबिका सिंहदेव अपने साथ लेकर मतगणना स्थल में पहुंची जिससे कांग्रेस वार्ड क्रमांक 2, 3, 4, 6, 9, 10, 11, 15 में जीत दर्ज तो की है, वार्ड नंबर 14 के साथ आने से कांग्रेस की संख्या 9 की हो गयी है।

### संसदीय सचिव बनाम सब

दरअसल, बीता चुनाव संसदीय सचिव अंबिका सिंहदेव बनाम सब को देखकर लड़ा गया, कोरिया विभाजन को लेकर संसदीय सचिव अंबिका सिंहदेव पर हर दल ने तंज कसे और उन्हें कोरिया के विभाजन के लिए लड़ाई में खुल कर सामने नहीं आने का आरोप भी लगाया, यहां तक कि भाजपा ने उन्हे संसदीय सचिव के पद से इस्तीफा तक देने की सलाह दे डाली। वहीं चुनाव में भाजपा ने जशपुर से लेकर मनेन्द्रगढ के कई वरिष्ठ नेताओं को मैदान में उतारा, भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष के साथ कई दिग्गजों ने एक- एक सप्ताह कैंप किया, घर घर गए, यदि भाजपा को जीत मिलती है तो इसका पूरा श्रेय संगठन के बेहतर रणनीति को जाएगा, दूसरी ओर कांग्रेस में संसदीय सचिव श्रीमति सिंहदेव ने सिंगल हैंडेड चुनावी अभियान को संभाला, ना सिर्फ स्वयं लोगों के घर घर गई, बल्कि दो बार आए सीनियर नेताओं को सिर्फ आमसभा में स्थान दिया। मतदान के दिन हर वार्ड के मतदान केन्द्र तक पहुंची, और ज्यादा से ज्यादा मतदान को इसके लिए लोगों को प्रोत्साहित भी किया। इस चुनाव की पूरी लड़ाई संसदीय सचिव अंबिका सिहदेव के इर्दगिर्द घूमती नजर आई। यही कारण है इस जीत का पूरा श्रेय संसदीय सचिव अंबिका सिंहदेव को जाता है।

### पूर्व मंत्री का विरोध

बैकुंठपुर और शिवपुर चरचा नपा में पूर्व मंत्री का काफी विरोध था, भाजपा के दिग्गज बिना जाने उनके नाम को बैकुंठपुर और चरचा में लेकर चुनाव प्रचार कर रहे थे, जिससे भाजपा संगठन की रणनीति फेल होती चली गई। वहीं चरचा में लोग 15 साल बनाम ढाई साल के विकास को लेकर पूर्व मंत्री को घेर रहे थे, जिसका पूरा फायदा कांग्रेस का मिला। यहां कई दिन मे भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता अनुराग सिंहदेव ने बागडोर संभाली और उन्हें इसका एहसास हुआ कि चरचा में भी पूर्व मंत्री का जबरदस्त विरोध है। जिसके कारण भाजपा को हार का सामना करना पड़ सकता है। बैकुंठपुर के वार्ड क्रमांक 7 मे जब पूर्व मंत्री प्रचार के लिए पहुचें तो उनका खुलकर विरोध हुआ, जिसके बाद उन्होने बैकुंठपुर की ओर अपना रूख नहीं किया।


# समझ से परे है चुनाव सुधार बिल के विरोध में विपक्ष का हंगामा

*बुद्धिजीवी और समाज सुधारक भी निष्पक्ष चुनाव के लिए उपयोगी कदम उठाने की बात करते रहते हैं, लेकिन हमारे नेताओं और सरकारो ने इस ओर कभी कोई ध्यान ही नहीं दिया है। अब मोदी सरकार ने कुछ सख्त कदम उठाए हैं तो विपक्ष चुनाव सुधारों के खिलाफ मोर्चा खोले हुए हैं। यहां तक की चुनाव प्रक्रिया को मतदाता की निजता से जोड़ दिया है, वोटर कार्ड को आधार कार्ड से जोड़े जाने के खिलाफ ऐसा हो हल्ला मचाया जा रहा है जैसे वोटर कार्ड के आधार से लिंक होते ही मतदाता की सारी जानकारी सरकार के पास चली जाएगी, जबकि जो जानकारी सरकार के पास जाने की बात विपक्ष के नेता कर रहे हैं, वह जानकारी पहले से ही सरकार के पास मौजूद है, सरकार के पास लोगों की जानकारी है तो इसमें बुराई भी क्या है।*

**बहरहाल,** मोदी सरकार की आलोचना के बजाए उसकी इस बात के लिए तारीफ करना चाहिए कि उसने चुनाव सुधार के लिए बड़ा कदम उठाया है। उम्मीद की जानी चाहिए कि वह साझा मतदाता सूची बनाने की दिशा में जल्द तेजी देखने को मिलेगी। देश में चुनाव की प्रक्रिया में सुधार की जरूरत काफी समय से महसूस की जा रही थी, बोगस वोटिंग हो या फिर जो मतदाता किन्हीं कारणों से मताधिकार का प्रयोग नहीं कर पाते हैं, दोनों ही लोकतंत्र के लिए चिंता के विषय हैं। इसके लिए चुनाव आयोग और देश की सबसे बड़ी अदालत (सुप्रीम कोर्ट) तक कई बार भारत सरकार को आगाह कर चुकी है।

बुद्धिजीवी और समाज सुधारक भी निष्पक्ष चुनाव के लिए उपयोगी कदम उठाने की बात करते रहते हैं, लेकिन हमारे नेताओं और सरकारो ने इस ओर कभी कोई ध्यान ही नहीं दिया है। अब मोदी सरकार ने कुछ सख्त कदम उठाए हैं तो विपक्ष चुनाव सुधारों के खिलाफ मोर्चा खोले हुए हैं। यहां तक की चुनाव प्रक्रिया को मतदाता की निजता से जोड़ दिया है, वोटर कार्ड को आधार कार्ड से जोड़े जाने के खिलाफ ऐसा हो हल्ला मचाया जा रहा है जैसे वोटर कार्ड के आधार से लिंक होते ही मतदाता की सारी जानकारी सरकार के पास चली जाएगी, जबकि जो जानकारी सरकार के पास जाने की बात विपक्ष के नेता कर रहे हैं, वह जानकारी पहले से ही सरकार के पास मौजूद है, सरकार के पास लोगों की जानकारी है तो इसमें बुराई भी क्या है।

इस पर चिंता तब तक नहीं करना चाहिए जब तक की सरकार अपने पास मौजूद आकड़ों का बेजा इस्तेमाल नहीं करती है। बहरहाल, मोदी सरकार की आलोचना के बजाए उसकी इस बात के लिए तारीफ करना चाहिए कि उसने चुनाव सुधार के लिए बड़ा कदम उठाया है। उम्मीद की जानी चाहिए कि वह साझा मतदाता सूची बनाने की दिशा में जल्द तेजी देखने को मिलेगी। यहां यह भी नहीं भूलना चाहिए कि भाजपा ने अपने चुनावी घोषणा-पत्र में साझा मतदाता सूची का वादा किया था। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कई बार 'वन नेशन-वन इलेक्शन' की बात कह चुके हैं। मोदी सरकार बनने के बाद विधि आयोग ने भी 2015 में अपनी रिपोर्ट में एक देश-एक चुनाव और साझा मतदाता सूची की सिफारिश की थी, वैसे पहले भी भारत निर्वाचन आयोग ने वर्ष 1999 और वर्ष 2004 में इसी तरह की रिपोर्ट तत्कालीन सरकार को दी थी, लेकिन उस समय की सरकारों ने इस पर कोई कार्रवाई नहीं की थी। मोदी सरकार पूरे देश में एक ही मतदाता सूची पर राज्य सरकारों के बीच



सहमति बनाने और इसी अनुरूप विधायी बदलाव करने पर विचार कर रही है। इस सिलसिले में दो विकल्प अपनाने पर विचार किया जा सकता है। पहला, भारतीय

**■ आम-आदमी के मन में इस सवाल उठना स्वाभाविक है कि आखिर पूरे देश के लिए एक ही मतदाता सूची बनाए जाने की आवश्यकता क्यों है?**

संविधान के अनुच्छेद 243 (के) और 243 (जेडए) में संशोधन करके देश के सभी चुनावों के लिए एक समान मतदाता सूची को अनिवार्य किया जा सकता है। यह नियम राज्य निर्वाचन आयोग को मतदाता सूची तैयार करने और स्थानीय निकायों के चुनावों का संचालन करने का अधिकार देता है। दूसरा, निर्वाचन आयोग या भारत सरकार द्वारा राज्य सरकारों को अपने कानूनों में संशोधन करने और नगरपालिका तथा पंचायत चुनावों के लिए राष्ट्रीय निर्वाचन आयोग की मतदाता सूची को अपनाने के लिए राजी किया जाए। बता दें संविधान का अनुच्छेद 324 (1) चुनाव आयोग को संसद और राज्य विधानसभाओं के चुनावों के लिए निर्वाचक नामावली की निगरानी, निर्देशन और नियंत्रण का अधिकार देता है। गौरतलब हो, इस समय देश में कई मतदाता सूचियां मौजूद हैं। देश के कई राज्यों में पंचायत और नगरपालिका चुनावों के लिए जिस मतदाता सूची का प्रयोग किया जाता है वह संसद और विधानसभा चुनावों के लिए उपयोग की जाने वाली सूची से भिन्न होती है। इस प्रकार के अंतर का मुख्य कारण यह है कि हमारे देश में चुनावों की देखरेख और उसके संचालन की जिम्मेदारी भारत निर्वाचन आयोग और राज्य निर्वाचन आयोग को दी गई है। कुछ राज्य अपने राज्य निर्वाचन आयोग को स्थानीय चुनाव के लिए राष्टीय निर्वाचन आयोग द्वारा तैयार की गई मतदाता सूची का उपयोग करने की स्वतंत्रता देते हैं। जबकि कुछ राज्यों में निर्वाचन आयोग की मतदाता सूची को केवल आधार के तौर पर प्रयोग किया जाता है। इस समय उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, ओडिशा, असम, मध्य प्रदेश, केरल, अरुणाचल प्रदेश, नगालैंड और जम्मू-कश्मीर को छोड़कर शेष राज्य और केंद्रशासित प्रदेश स्थानीय निकाय के चुनावों के लिए राष्टीय चुनाव आयोग की मतदाता सूची का प्रयोग करते हैं। लिहाजा संविधान में संशोधन करना आसान होगा। आम-आदमी के मन में इस सवाल उठना स्वाभाविक है कि आखिर पूरे देश के लिए एक ही मतदाता सूची बनाए जाने की आवश्यकता क्यों है? तो हमें यह समझना होगा कि इसके माध्यम से ही मोदी सरकार की 'एक देश-एक चुनाव' की अवधारणा को मूर्त रूप दिया जा सकेगा, जिसकी घोषणा बीजेपी ने अपने घोषणापत्र में की थी। इसके अलावा एक मतदाता सूची होने से अलग-अलग मतदाता सूची के बनाने में आने वाले खर्च और श्रम दोनों की बचत होगी। इसके साथ ही एक ही मतदाता सूची बनाने के पीछे यह तर्क भी दिया जाता है कि दो अलग-अलग संस्थाओं द्वारा तैयार की जाने वाली अलग-अलग मतदाता सूचियों के निर्माण में काफी अधिक दोहराव होता है।

## संपादकीय

### मोदी सरकार ने विवाह की न्यूनतम उम्र बढ़ाकर लड़कियों को सपने साकार करने का अवसर दिया



**प्रधानमंत्री** नरेन्द्र मोदी ने नारी विकास का सपना रात के अँधेरे में बंद आँखों से नहीं, दिन के उजाले में खुली आँखों से देखा है। उनके स्वप्न में नारी के चहुंमुखी विकास की कल्पना के साथ स्त्री और पुरुष की समानता की दस्तक है। मोदी ने 2020 के स्वतंत्रता दिवस सम्बोधन में घोषणा की थी कि देश में लड़कियों की शादी की न्यूनतम उम्र को 18 वर्ष से बढ़ाकर 21 किया जाएगा। वे जो कहते हैं, उसे साकार भी करते हैं, यही कारण है कि करीब एक वर्ष बाद ही प्रधानमंत्री ने अपनी घोषणा को क्रियान्वित कर दिखाया है। केन्द्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में महिलाओं के लिए विवाह की कानूनी आयु 18 से 21 वर्ष तक बढ़ाने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। अब इसे संसद में पेश किया जाएगा। निश्चित ही इस नयी व्यवस्था के बनने से नारी जीवन में एक नया उजाला होगा। एक मंजिल, एक दिशा और एक रास्ता, फिर भी स्त्री और पुरुष के जीवन में अनेक असमानताएं रही हैं, समाज की दो शक्तियां आगे-पीछे चल रही थीं। इस तरह की विसंगतियों एवं असमानताओं को दूर करने के लिये सोच के दरवाजे पर कई बार दस्तक हुई, जब-जब दरवाजा खोला गया, दस्तक देने वाला वहां से लौटता दिखाई दिया। लेकिन मोदी ने दस्तक भी दी और इसे साकार भी किया है, जिसका स्वागत होना चाहिए। क्योंकि इससे नारी तेजी से विकास करते हुए अपने जीवन में पसरी अनेक विसंगतियों को दूर होते हुए देख सकेंगी। लेकिन कानून बनाने का फायदा तभी है, जब उसे संपूर्णता में लागू किया जाये। परिवार व समाज को बेटियों के व्यापक हित के लिए ज्यादा ईमानदारी एवं संवेदना से सोचना अपेक्षित है। अब भारत में पुरुष और महिला, दोनों के लिए विवाह की न्यूनतम आयु सीमा 21 हो जाएगी, जो एक आदर्श एवं समतामूलक समाज की संरचना को आकार देगी। लड़कियों के विवाह की उम्र का प्रश्न केवल संतुलित समाज व्यवस्था से ही नहीं जुड़ा है बल्कि यह उनके स्वास्थ्य, सोच, सुरक्षा, विकास से भी जुड़ा है। हर देश, समाज एवं वर्ग विकसित होना चाहता है। विकास की दौड़ में महिलाएं भी पीछे क्यों रहें? यह प्रश्न अर्थहीन नहीं है, पर इसके समाधान में अनेक बिन्दुओं को सामने रखकर मोदी ने चिन्तन किया और एक नवनीत समाज एवं राष्ट के सम्मुख प्रस्तुत किया है। प्रधानमंत्री ने तब कहा था, 'सरकार बेटियों और बहनों के स्वास्थ्य को लेकर चिंतित है।

# राजनीति की पिच पर कभी सफल खिलाड़ी नहीं साबित हुए राकेश टिकैत

**भारतीय** किसान यूनियन की राजनीतिक पार्टी बहुजन किसान दल ने कांग्रेस के साथ गठबंधन में जाने का फैसला किया था। भारतीय किसान यूनियन के नेता राकेश टिकैत का अगला कदम क्या होगा, इसको लेकर तमाम अटकलें चल रही हैं। खासकर टिकैत के राजनीतिक रुख को लेकर लोग कुछ ज्यादा ही परेशान हैं। लेकिन टिकैत की तरफ से अभी तक कुछ स्पष्ट नहीं किया गया है। उनकी बातों से यही लग रहा है कि वह राजनीति से दूरी बनाकर रखेंगे। इसका कारण भी है। राकेश टिकैत ने बड़ा आंदोलन चलाकर जो अपनी छवि बनाई है वह उसे खराब होता देखना शायद ही पसंद करें। राजनीति में कदम रखते हैं तो उनके ऊपर कई तरह के आरोप लगने लगेंगे। वैसे भी टिकैत राजनीति के मैदान में कभी सफल खिलाड़ी नहीं साबित हुए हैं। टिकैत ने पहली बार 2007 के यूपी विधानसभा चुनाव में किस्मत आजमाई थी। उस समय प्रदेश में बसपा की हुकूमत थी। टिकैत ने मुजफ्फरनगर की खतौली विधानसभा



सीट से चुनाव लड़ा था। हालांकि, उन्हें जीत नसीब नहीं हुई थी। इस हार के बाद राकेश टिकैत ने साल 2014 में राष्ट्रीय लोक दल के टिकट पर अमरोहा लोकसभा सीट से चुनाव लड़ा था। लेकिन, इस चुनाव में भी टिकैत को हार का सामना करना पड़ा था। इस चुनाव में टिकैत को केवल 9,359 वोट मिले थे। बात 2007 के यूपी विधानसभा चुनाव की कि जाए तो उस चुनाव में भारतीय किसान यूनियन के अध्यक्ष चौधरी महेंद्र सिंह टिकैत ने कांग्रेस का हाथ थामा था। भारतीय किसान यूनियन की राजनीतिक पार्टी बहुजन किसान दल ने कांग्रेस के साथ गठबंधन में जाने का फैसला किया था। उस समय कांग्रेस ने फैसला लिया था कि राकेश टिकैत के खिलाफ पार्टी अपना कोई प्रत्याशी नहीं उतारेगी। वहीं, बहुजन किसान दल ने भी कांग्रेस के पक्ष में पश्चिमी यूपी की कई सीटों पर अपने प्रत्याशी वापस लेने की बात कही थी। फिर भी टिकैत बुरी तरह से चुनाव हार गए थे। राजनीति के इन्हीं कड़वे अनुभवों की वजह से राकेश टिकैत दोबारा से चुनावी राजनीति में कदम नहीं रखना चाहते हैं। बात आगे की कि जाए तो कई मौकों पर यह भी देखने को मिला है कि राकेश टिकैत ने किसी चुनाव में जिस प्रत्याशी का समर्थन किया वह जीत हासिल नहीं कर सका। यहां पर हाल ही में संपन्न हुए पंचायत चुनावों की भी बात करना जरूरी है। यह चुनाव उस समय हुए थे जब किसान आंदोलन उभार पर था और राकेश टिकैत इसकी मुखर आवाज बने हुए थे।

# भारत-पाकः दो मुस्लिम सम्मेलन

**पाकिस्तान** भी भारत की तरह कह रहा है कि अफगानिस्तान में सर्वसमावेशी सरकार बननी चाहिए, उसे आतंकवाद का अड्डा नहीं बनने देना है और दो-ढाई करोड़ नंगे-भूखे लोगों की प्राण-रक्षा करना है। भारत ने 50 हजार टन अनाज और डेढ़ टन दवाइयां काबुल भिजवा दी हैं। पिछले सप्ताह एक ही समय में दो सम्मेलन हुए। एक भारत में और दूसरा पाकिस्तान में! दोनों सम्म्मेलन मुस्लिम देशों के थे। पाकिस्तान में जो सम्मेलन हुआ, उसमें दुनिया के 57 देशों के विदेश मंत्रियों और प्रतिनिधियों के अलावा अफगानिस्तान, रुस, अमेरिका, चीन और यूरोपीय संघ के प्रतिनिधियों ने भी भाग लिया जबकि भारत में होने वाले सम्मेलन में मध्य एशिया के पांचों मुस्लिम गणतंत्रों के विदेश मंत्रियों ने भाग लिया। इन विदेश मंत्रियों ने इस्लामाबाद जाने की बजाय नई दिल्ली जाना ज्यादा पसंद किया। यों भी इस्लामाबाद के सम्मेलन में इस्लामी देशों के एक-तिहाई विदेश मंत्री पहुंचे।




पाकिस्तानी सम्मेलन का केंद्रीय विषय सिर्फ अफगानिस्तान था जबकि भारतीय सम्मेलन में अफगानिस्तान पर पूरा ध्यान दिया गया लेकिन उक्त पांचों गणतंत्रों– कजाकिस्तान, उजबेकिस्तान, तुर्कमेनिस्तान, ताजिकिस्तान और किरगिजिस्तान के साथ भारत के व्यापारिक, आर्थिक, सामरिक और सांस्कृतिक सहकार के मुद्दों पर भी संवाद हुआ। इस तरह का यह तीसरा संवाद है। इन पांचों विदेश मंत्रियों के पाकिस्तान न जाने को भारत की जीत मानना तर्कसंगत नहीं है, क्योंकि इस सम्मेलन की तारीखें पहले से तय हो चुकी थीं।

# जो नहीं हुआ पन्द्रह साल में वो होगा तीन साल में, सोनहत शराब दुकान मामले में भाजयुमो महामंत्री ने कसा तंज

## सूत्रों के मूताबिक सोनहत मे ज्लद खुलेगी शराब दुकान, भाजपा पहले जता चुकी है आपत्ति

**सोनहत।** इन दिनों सोनहत मे नए अंग्रेजी शराब दुकान खुलने को लेकर चर्चा आम हो गई है।आम आदमी से लेकर राजनीतिक दल,मुस्लिम समुदाय, कालेज छात्र व अन्य स्थानीय जन इस बात पर विरोध भी जता रहे हैं।लेकिन सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार सोनहत मे अंग्रेजी शराब दुकान खुलना लगभग तय हो गया है, ज्लद ही शराब प्रेमियों को राहत मिलने वाली है। इस संदर्भ में सोनहत के युवा नेता व भाजयुमो महामंत्री  ने कांग्रेस सरकार पर तंज कसा और शराब दुकान खुलने को लेकर आपत्ति भी जताई है, रमेश तिवारी ने कहा अपने वादे से मुकरना व झुठ बोलना कोई कांग्रेसियों से सिखे इस मामले में कांग्रेस सरकार व नेताओं को महारत हासिल है।तीन साल पहले चुनाव के दौरान जिस कांग्रेस पार्टी के नेताओं ने हाथ में गंगा जल पकड कर प्रदेश में शराब बंदी का वादा किया था उसी पार्टी की



सरकार बनते ही शराब दुकानों में जमकर ध्यान लगा लिया।पहले तो अंग्रेजी शराब दुकान सिर्फ शहरी क्षेत्रों में खुला था छत्तीसगढ़ में कांग्रेस की सरकार बनते ही अंग्रेजी शराब दुकान ग्रामीण क्षेत्रों में भी खुलना शुरू हो गए।जो काम भाजपा की सरकार ने पन्द्रह साल तक नहीं किया वह कांग्रेस ने तीन सालों में कर दिखाया है।तिवारी ने कहा सोनहत मे शराब दुकान खुलना क्षेत्र के जनता के साथ विश्वास घात होगा, सोनहत जैसे शांत क्षेत्र में शराब दुकान खुलने से अपराधों में बढ़ोतरी होगी लोगों का जीना दुर्भर हो जाऐगा।महिलाओं के गृहस्थ जीवन में इसका बड़ा प्रभाव पड़ेगा। इस विषय को लेकर  के पूर्व जिंप सदस्य देवेंद्र तिवारी ने पहले भी आपत्ति जताई है और उनके निर्देश पर भाजपा ने भी एसडीएम को शराब दुकान खुलने को लेकर विरोध में ज्ञापन सौंपा था।हम लगातार शराब दुकान  खुलने को लेकर आपत्ति जता रहे हैं बावजूद इसके अगर दुकान खुलता है तो भाजयुमो इसका कड़ा विरोध प्रदर्शन करेगा।

### *कब्रिस्तान के पास दुकान को लेकर मुस्लिम समुदाय भी है रोष मे*

*उक्त शराब दुकान कब्रिस्तान के नजदीक मे ही खुलने की संभावना है यहां एक निजी मकान है वहीं दुकान खोलने की तैयारी चल रही है।जिसकी जानकारी मिलते ही मुस्लिम समुदाय के लोगों द्वारा पूर्व में एसडीएम व कलेक्टर को पत्र देकर आपत्ति किया गया है।तथा दुकान खुलने की खबर से रोष मे भी है।हालांकि शराब दुकान के पास कालेज भी है शराब दुकान उस स्थान पर खुलने के बाद प्रति दिन छात्र छात्राओं को शराबियों का सामना करना पड़ेगा व कई परेशानियों का सामना भी करना पड़ेगा कालेज के समिप दुकान खुलने से कोई भी अप्रिय घटना कभी भी घट सकती है।*

## कोविड टीकाकरण महाअभियान में AVDS धर्मेन्द्र कुमार को उत्कृष्ट कार्य के लिए मिला प्रशस्ति - पत्र।



**कोरिया।** प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र केल्हारी के ड्ढ्ढस्(वैक्सीन वाहक) के पद पर कार्य कर रहे धर्मेंद्र कुमार को कोरोना टीकाकरण महाअभियान में उत्कृष्ट कार्य के लिए प्रशस्ति-पत्र प्राप्त हुआ है।  मनेन्द्रगढ अनुविभागीय अधिकारी(राजस्व)नयन तारा सिंह तोमर,खण्ड चिकित्सा अधिकारी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मनेन्द्रगढ़ द्वारा SMO(विश्व स्वास्थय संगठन),BPM सुलेमान खान,क्चश्चश्व सोमेंद्र मंडल के उपस्थिति में दिया गया। इस दौरान डॉ महेश सिंह,चिकित्सा अधिकारी,सुपरवाईजर आर के तिवारी,कोल्ड चैन हैण्डलर आर एस ओझा सहित समस्त ए एन एम,आर एच ओ,सी एच ओ स्टॉफ प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र केल्हारी को भी सम्मानित किया गया। हलांकि प्राथमिक स्वास्थय केन्द्र केल्हारी के सभी स्टाफ का कोरोना टीकाकरण में सराहनीय प्रयास रहा है।परन्तु वैक्सीन वाहक भी निश्चित समय पर ही एक साथ वैक्सीन पहुचाना चुनौतीपूर्ण कार्य रहा है,जिसको वैक्सीन वाहक धर्मेंन्द्र कुमार ने कडी मेहनत कर सफल कार्य किया।

## राष्ट्रीय पुरस्कार से डी. के.सोनी को किया गया सम्मानित



**वाराणसी।** अधिकार संसाधन विकास संस्था के द्वारा दिनांक 14/12/2021 को एक कार्यक्रम का आयोजन वाराणसी के सारनाथ में होटल लोटस में किया गया जिसमें मुख्य अतिथि पूर्व राज्य मंत्री उत्तर प्रदेश श्री भत्ते चंदिमां थे जिनके द्वारा डी0के0 सोनी को छत्तीसगढ़ राज्य में अच्छा कार्य करने एवं जनहित के मुद्दों को समाज हित में उठाने एवं उसकी आवाज बुलंद करने के कारण राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया तथा सम्मान स्वरूप साल एवं मेमेन्टो प्रदान किया गया। इसके अलावा श्री डी0के0 सोनी को राष्ट्रीय मानव अधिकार संसाधन विकास संस्था का प्रदेश अध्यक्ष भी नियुक्त किया एवं उन्हें छत्तीसगढ़ राज्य में उक्त संस्था के पदाधिकारी नियुक्त करने हेतु भी कहा गया। उक्त कार्यक्रम में मुख्य रूप से संस्था के महासचिव डॉ अनमोल टेमबुरने नागपुर, मुख्तार अहमद कोलकाता, मनीष भल्ला इंदौर, अशोक सागर दिल्ली, शेखर नागपुर, विमल जैन वाराणसी, प्रदीप त्रिवेदी सारनाथ, श्रीमती वीर कंचन महाराष्ट्र उपस्थित थे। इसके अलावा मानव अधिकार एक्टिविस्ट भी काफी संख्या में उपस्थित थे। डी.के. सोनी के उक्त संस्था के प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त होने से सामाजिक कार्यकर्ताओं में हर्ष व्याप्त है।

### विधायक गुलाब कमरो ने सोनहत कटगोड़ी क्षेत्र का किया दौरा।

# धान खरीदी केंद्र का अवलोकन कर फुटबाल कप के फाइनल में हुए शामिल



**कोरिया।** सविप्रा उपाध्यक्ष एवं विधायक गुलाब कमरो एक दिवसीय दौरे पर सोनहत के कटगोड़ी पहुचे जहां कई निजी कार्यक्रम में शामिल हुए। इसी दौरान विधायक धान खरीदी केंद्र कटगोड़ी पहुंचे जहां विधायक ने धान खरीदी केंद्र में किसानों से मुलाकात कर उनका हाल जाना। इसी दौरान धान खरीदी में किसानों को किसी भी प्रकार की समस्या न हो इस हेतु समिति कर्मचारियों को आवश्यक दिशा निर्देश भी दिया। धान खरीदी केंद्र में विधायक गुलाब कमरो से ग्राम जनों ने भी मुलाकात की और अपनी समस्याओं को रखा जिनका निराकरण विधायक गुलाब कमरो ने मौके पर किया।

### फुटबाल फाइनल का किया समापन

जागृत नवा केराझरिया फुटबॉल कमेटी द्वारा दामुज में चल रहे फुटबॉल प्रतियोगिता के फाइनल मैच में बतौर मुख्य अतिथि सविप्रा उपाध्यक्ष एवं विधायक गुलाब कमरो शामिल हुए। विधायक ने खिलाड़ियों का परिचय प्राप्त करते हुए टॉस कर फुटबॉल पर किक मार मैच का किया। उक्त प्रतियोगिता 12 दिसम्बर से प्रारम्भ है। इस प्रतियोगिता में कुल 16 टीम ने भाग लिया। इस अवसर पर जनप्रतिनिधि,कमेटी सदस्य व ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

### जन चौपाल लगा कर सुनी समस्या

विधायक गुलाब कमरो ने कटगोड़ी क्षेत्र में कई स्थानों पर जन सम्पर्क कर ग्राम जनों की समस्याओं को सुना और निराकरण किया। शासन की योजनाओं की जानकारी से भी उपस्थित जनों को अवगत कराया गया। विधायक कमरो ने योजनाओं की जानकारी देने के दौरान कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार किसानों की सरकार है। धान की कीमत 2500 रुपये दिया जा रहा है। इसके अलावा कोदो कुटकी रागी भी सरकार खरीद रही है। आप लोग इसकी भी खेती करिये। विधायक ने कहा कि कटगोड़ी में धान खरीदी केंद्र हो गया है। पावर हाउस का निर्माण शुरू है। बहुत जल्द पानी की भी समस्या का निदान करेंगे। कटगोड़ी क्षेत्र का विकास काफी तेजी से हो रहा है।



## लेदरी में 75 लाख का मंगल भवन बनने से पहले हो गया जर्जरः लक्ष्मी दास।

**कोरिया।** जिले के नगर पंचायत नई लेदरी में शासन के पैसों का खुला दुरुपयोग किया जा रहा है। जनप्रतिनिधियों और पंचायत के अधिकारियों की मिलीभगत से लगातार गुणवत्ता विहीन कार्य कराया जा रहा है जिसका लाभ आने वाले समय मे जनता को नही मिल पायेगा। नगर पंचायत नई लेदरी के मनोनीत पार्षद लक्ष्मी दास ने प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए बताया की नगर पंचायत नई लेदरी में कार्यालय से महज 100 मीटर की दूरी पर मेन रोड पर समस्त लेदरीवासियों के लिए एक सुव्यवस्थित 75 लाख रु. का मंगल भवन निर्माण कार्य चल रहा है लेकिन  अभी मंगल भवन का निर्माण कार्य अभी पूरा भी नहीं हुआ है और भवन के चारों ओर




बड़ी-बड़ी दरारे पड़ गई है जिसे साफ देखा जा सकता है। पंचायत अध्यक्ष सरोज यादव की सहमति और मिलीभगत से मोटा कमीशन की चाह में निरंतर घटिया निर्माण कार्य करवाया जा रहा है। लक्ष्मी दास ने वर्तमान में काबिज अध्यक्ष सरोज यादव पर स्पष्ट आरोप लगाते हुए कहा की पता नहीं लेदरी में और कितने घटिया निर्माण कार्य होंगे। लेदरी की अध्यक्ष श्रीमती सरोज यादव ऐसा घटिया काम क्यों करवा रही है, क्या इसी दिन के लिए लेदरीवासियों ने उन्हें जिताया था जिससे वह घटिया से घटिया काम करा जमकर मोटा कमीशन वसूल सके। यह बिल्डिंग अभी कंप्लीट भी नहीं हुआ है और मंगल भवन जर्जर हालत की स्थिति में आ गया है। इन निर्माण कार्यों से आप अंदाजा लगा सकते हैं कि यह 75 लाख का भवन कितने महीने टिक पायेगा। दास ने आगे कहा है की उनके द्वारा पूर्व में इस 75 लाख के मंगल भवन के घटिया निर्माण कार्य होने पर कार्यालय में लिखित शिकायत की गई थी उसके बावजूद अध्यक्ष श्रीमती सरोज यादव ने कोई कार्यवाही नहीं की। वे केवल और केवल इस 75 लाख के निर्माण कार्य का कमीशन वसूलने में व्यस्त रहीं। इस प्रकार के बेहद घटिया निर्माण कार्य में अध्यक्ष श्रीमती सरोज यादव को आम जनता को जवाब देना चाहिए कि वह लेदरी की गरीब जनता के पैसों का दुरुपयोग क्यों कर रही है। क्या आज अध्यक्ष श्रीमती सरोज यादव का केवल और केवल एक ही लक्ष्य कमीशन खाने व भ्रष्टाचार करने का रह गया है। आज उनके इस कार्यकाल को लेदरीवासी कभी नहीं भुला पायेंगे।

## लगातार सरगुजा पुलिस कर रही है बड़े-बड़े मामलों उचित से उचित कार्यवाही

**सरगुजा।** अम्बिकापुर से लगे दरिमा थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम सोहगा खर्रापारा के सड़क किनारे 18/07/2021 को मृतिका की खून से सनी हुई लतपत शव बरामद हुआ था साथ ही कुछ दूर में मृतिका की स्कूटी भी बरामद की गई..दअरसल दरिमा थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम सोहगा के खर्रापारा की रहने वाली मृतिका रंजनी कुजूर की सड़क किनारे शव बरामद किया गया था..लेकिन प्रथमदृष्ट्या पुलिस कि जांच में दुर्घटना होना पाया गया..तो





वही दरिमा पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया था..जिसके बाद पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मृतिका की हत्या होना पाया गया..इधर पुलिस को हत्या की आसंका होते ही धारा 302 ,201 का मामला दर्ज कर घरवालों से मृतिका के बारे में पूछताछ किया गया.. जिसमे यह पाया गया कि मृतिका रोजाना देर रात अपने घर आती थी.. जिसको लेकर लंबे समय से भाई और बहन के बीच झगड़ा होता रहता था..इधर घटना के दिन आरोपी भाई को रात 10 बजे घर जाते वक्त मृतिका बहन से मुलाकात हो गई..और उसी दौरान पास में रखे डंडे से आरोपी भाई ने मृतिका बहन के सिर पर वार करते हुए गले मे प्राणघात हमला कर दिया..जिससे उसकी मौत हो गई..इधर पुलिस की पूछताछ में आरोपी भाई ने जुर्म कबूल कर लिया है..और आरोपी को न्यायिक रिमांड में जेल भेज दिया गया है।

## अमृत महोत्सव वर्ष में हिंदी को सम्मान मिले

युवा प्रदेश नेटवर्क

**जबलपुर।** आजादी का अमृत महोत्सव सारा देश धूमधाम से मना रहा हैं। सब अपने-अपने हिसाब से इस जश्न को मनाने में लगे हैं और उत्साहित भी है इसी कड़ी में कवि संगम त्रिपाठी संस्थापक प्रेरणा साहित्य संस्था द्वारा हिंदी प्रचार रथयात्रा के माध्यम से हिंदी के प्रचार-प्रसार हेतु अपने साथी कवि राम चन्द्र प्रसाद जी कर्ण के साथ संकल्पित मन से कार्य कर रहे हैं। प्रेरणा हिंदी प्रचार रथयात्रा जबलपुर मध्यप्रदेश से प्रारंभ होकर राजघाट दिल्ली तक जायेंगी व 10 जनवरी 2022 को विश्व हिंदी दिवस के अवसर पर शाम 04.00 बजे राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की समाधि पर श्रद्धासुमन अर्पित कर उपस्थित कवियों , साहित्यकारों व पत्रकारों के साथ विचार गोष्ठी कर हिंदी की वर्तमान दशा पर चर्चा करेंगी। प्रेरणा के इस ऐतिहासिक आयोजन को सभी का अपार स्नेह मिल रहा है। प्रेरणा संस्था के संस्थापक कवि संगम त्रिपाठी ने देश के महामहिम राष्ट्रपति जी, यशस्वी प्रधानमंत्री जी व कर्मठ गृहमंत्री जी को पत्र प्रेषित कर प्रेरणा हिंदी प्रचार रथयात्रा को आशीर्वाद प्रदान करने व हिंदी को राष्ट्रभाषा का दर्जा प्रदान करने हेतु विनम्र अनुरोध किया है।



# दीपिका पादुकोण की अगली फिल्म 'गहराइयां' ओटीटी पर होगी रिलीज

**मुंबई। इनिर्देशक शकुन बत्रा फिल्म 'कपूर एंड संस' के बाद से जिस फिल्म को लेकर काफी चर्चा में रहे हैं, वह फिल्म अब सीधए ओटीटी पर रिलीज होने जा रही है। इस खबर के साथ करण जौहर निर्मित इस फिल्म का नाम भी सामने आ गया है। दीपिका पादुकोण, सिद्धांत चतुर्वेदी, अनन्या पांडे और धैर्य कारवा स्टारर इस फिल्म का नाम रखा गया है 'गहराइयां' और हाल में धर्मा प्रोडक्शंस के वायकॉम18 स्टूडियोज के साथ हुए गठबंधन के बाद रिलीज होने वाली करण जौहर की ये पहली फिल्म है।**

फिल्म में ही नसीरुद्दीन शाह और रजत कपूर भी केंद्रीय भूमिकाओं में हैं। इस फिल्म का वर्ल्ड प्रीमियर अगले महीने ओटीटी पर होने जा रहा है। इस बारे में फिल्म के निर्देशक शकुन बत्रा कहते हैं, फिल्म 'गहराइयां' मेरे लिए सिर्फ एक फिल्म भर नहीं है। यह मानवीय रिश्तों की पेचीदगियों का एक सफर है, यह आधुनिक एडल्ट रिलेशनशिप का एक आइना है। यह दिखाती है कि हम भावनाओं और अहसासों के चक्रव्यूह से कैसे गुजरते हैं और हमारा हर कदम, हर फैसला हमारी व आसपास के लोगों की जिंदगी को कैसे प्रभावित करता है। मुझे यकीन है कि ऑडियंस इस फिल्म के साथ बहुत करीब से जुड़ेगी। शकुन बत्रा की इस बात में ही इस फिल्म के सीधे ओटीटी पर रिलीज होने का राज भी छुपा है। फिल्म इंडस्ट्री में ये चर्चा अरसे से चल रही है कि करण जौहर अब किसी तरह के विवाद में नहीं पड़ना चाहते। पिछले साल सुशांत सिंह राजपूत की आसामयिक मौत के बाद से सबसे ज्यादा निशाने पर वही रहे और हाल ही में उनके घर आयोजित दावत के बाद एक साथ कई मशहूर शख्सीयतों के कोरोना संक्रमित पाए जाने पर भी लंबा विवाद हो चुका है।

फिल्म 'गहराइयां' में दीपिका पादुकोण के तमाम ऐसे दृश्य बताए जाते हैं जिन्हें सिनेमाघरों में दिखाए जाने पर विवाद होने की आशंका जताई गई है। फिल्म 'गहराइयां' को लेकर करण जौहर कहते हैं, ये फिल्म आधुनिक रिश्तों का एक गहन, वास्तविक और ईमानदार ऑब्जर्वेशन है। शकुन ने मानवीय भावनाओं की जटिलताओं को चित्रित करने का अभूतपूर्व काम किया है। उनकी मेहनत और कलाकारों के ईमानदार व पॉवरफुल पर्फामेंस ने मिलकर फिल्म को वाकई एक सम्मोहक स्टोरी बना दिया है। अमेज़न प्राइम वीडियो पर गहराइयां का प्रीमियर करने को लेकर हम रोमांचित हैं। शेरशाह के बाद उनके साथ यह हमारी दूसरी भागीदारी है और हम उम्मीद कर रहे हैं कि यह फिल्म भारत और दुनिया भर के दर्शकों को पसंद आएगी। धर्मा प्रोडक्शंस के साथ एक नई कारोबारी साझेदारी शुरू कर रहे वायकॉम18 स्टूडियोज के सीओओ अजित अंधारे के मुताबिक, ÷फिल्म 'गहराइयां' कई मायनों में एक स्पेशल प्रोजेक्ट है। इसमें शकुन बत्रा, दीपिका पादुकोण, अनन्या पांडे और सिद्धांत चतुर्वेदी जैसी आला दर्जे की प्रतिभाएं एक साथ मौजूद हैं। हमने इस फिल्म के लिए धर्मा प्रोडक्शंस के साथ सहभागिता करने का पूरा आनंद उठाया है और अब अमेजन प्राइम वीडियो के दम पर इसे ग्लोबल ऑडियंस तक पहुंचाने हेतु तत्पर हैं। ये फिल्म ओटीटी पर 25 जनवरी को रिलीज होगी।

## पत्नी के साथ मिलकर करोड़ों का बिजनेस चलाते हैं सोहेल खान

# मौलवी को किडनैप करके किया था सीमा सचदेव से निकाह

**मुंबई।** बॉलीवुड के दबंग यानी कि सलमान खान जिसतना लाइम लाइट में रहते हैं। उतनी ही सुर्खियों में उनके परिवार के सदस्य भी रहते हैं। सलमान खान के दो भाई और हैं अरबाज खान और सोहेल खान। ये तीनों ही भाई इंडस्ट्री में लुक्स के मामले में सभी हीरो को कड़ी टक्कर देते हैं। लेकिन आज बात करेंगे सलमान खान के छोटे भाई सोहेल खान के बारे में। अपने भाईयों यानी सलमान और अरबाज की तरह सोहेल ने भी अपनी किस्मत बॉलीवुड में आजमाई है। सोहेल खान का जन्म 20 दिसंबर 1970 को हुआ था। इस साल सोहेल अपना 51वां जन्मदिन मना रहे हैं। सोहेल ने अपने भाई की तरह एक्टिंग में ना जाकर निर्देशक और प्रोड्यूसर बनने का सोचा। उन्होंने 1997 में रिलीज हुई फिल्म औज़ार को निर्देशित किया। इसमें सलमान खान, संजय कपूर और शिल्पा शेट्टी मुख्य भूमिका में थे। इसके बाद उन्होंने प्यार किया तो डरना क्या निर्देशित की। बतौर लीड एक्टर सोहेल ने अपने अभिनय की शुरुआत 2002 में रिलीज हुई फिल्म %मैंने दिल तुझको दिया% से की, जिसे उन्होंने लिखा भी था। इसमें समीरा रेड्डी मुख्य भूमिका में थीं।



## भागकर की थी शादी

प्यार किया तो डरना क्या फिल्म के दौरान ही सोहेल की सीमा सचदेव से मुलाकात हुई। सीमा दिल्ली की रहने वाली थीं लेकिन फैशन डिजाइन में करियर बनाने के लिए वो मुंबई गई थीं। सोहेल सीमा को पहली नजर में ही दिल दे बैठे थे। दोनों ने एक-दूसरे को डेट करना शुरू कर दिया। दोनों जल्द से जल्द शादी करना चाहते थे लेकिन सीमा का परिवार इस शादी के लिए बिलकुल तैयार नहीं था और इसलिए दोनों ने भागकर आर्य समाज मंदिर में शादी कर ली। इसके बाद आधी रात को दोनों के निकाह के लिए मौलवी तक को किडनैप किया गया और फिर सबकुछ कुबूल हो गया।

## सलमान के साथ पांच फिल्मों में किया काम

बाद में सोहेल को कई फिल्मों में देखा गया, लेकिन सभी फिल्में बॉक्स ऑफिस पर फ्लॉप साबित हुईं। उन्हें आखिरी बार जीजा आयुष शर्मा की बॉलीवुड डेब्यू लवयात्री में कैमियो करते देखा गया था। सोहेल ने अब तक पांच फिल्मों में सलमान के साथ स्क्रीन शेयर किया है। मैंने प्यार क्यों किया, सलाम-ए-इश्क- ए ट्रिब्यूट टू लव, गॉड तुस्सी ग्रेट हो, वीर और ट्यूबलाइट। हालाँकि, मैंने प्यार क्यों किया को छोड़कर? बाकी सभी फिल्में बॉक्स ऑफिस पर कुछ खास कमाल नहीं दिखा पाईं। सोहेल ने तीन साल के गैप के बाद सलमान खान की फिल्म राधे से प्रोडक्शन की दुनिया में वापसी की। नवाजुद्दीन सिद्दीकी अभिनीत उनकी आखिरी प्रोडक्शन फिल्म फ़्रीकी अली सुपरफ्लॉप साबित हुई थी। सोहेल का अपना प्रोडक्स हाउस भी है जो वो अपनी पत्नी के साथ मिलकर चलाते हैं।

## सलमान खान ने दिया अपने फैंस को तोहफा, बनाएंगे बजरंगी भाईजान का सीक्वल

**मुंबई।** साल 2015 में रिलीज हुई फिल्म बजरंगी भाईजान आज भी जब टीवी पर आती है तो लोग अपने परिवार के साथ बैठकर इस फिल्म का आनंद लेते हैं। छह साल पहले आई 'बजरंगी भाईजान' ने सलमान खान की पर्दे पर एक्शन स्टार की छवि को बदला। सलमान खान ने अपने अभिनय से इस किरदार में नई जान फूंकी। सलमान खान के अभिनय की फिल्म में जमकर तारीफ हुई। फिल्म में पवन कुमार चतुर्वेदी उर्फ मामा और शाहीदा उर्फ मुन्नी की जोड़ी को बहुत ही पसंद किया गया। अब एक बार फिर से सलमान खान ने अपने फैंस को बड़ा सरप्राइज दिया है। सलमान खान अब अपने प्रशंसकों के लिए एक बड़ा तोहफा लेकर आ रहे हैं। बॉलीवुड के दबंग खान ने इस फिल्म के सीक्वल बनाए जाने की खबर खुद अपने चाहने वालों को दी। दरअसल 7 जनवरी को सिनेमाघरों में रिलीज होने जा रही फिल्म 'आरआरआर' बड़े पर्दे पर रिलीज हो रही हैं।

# अनुष्का शर्मा ने बेटी की फोटो शेयर ना करने पर मीडिया का जताया आभार



**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेत्री अनुष्का शर्मा इन दिनों अपने पति क्रिकेटर विराट कोहली के साथ टेस्ट और वनडे मैच के सिलसिले में साउथ अफ्रीका में हैं। बीते दिनों अभिनेत्री साउथ अफ्रीका जाते समय एयरपोर्ट पर अपनी बेटी वामिका और पति क्रिकेटर विराट कोहली के साथ स्पॉट हुई थीं। इस दौरान अभिनेत्री अपनी बेटी वामिका का चेहरा छुपाने में नाकाम रही थीं। जिसकी वजह से एयरपोर्ट पर मौजूद पैपराजी और मीडिया ने वामिका की कुछ तस्वीरें कैमरे में कैद कर ली थी। हालांकि, इस दौरान विराट कोहली और अनुष्का दोनों ही मीडिया से वामिका की तस्वीर ना लेंगे का अनुरोध करते भी दिखाई दिए थे। इसी क्रम में अब अभिनेत्री ने हाल ही में सोशल मीडिया पर एक पोस्ट शेयर किया है। इस पोस्ट में अभिनेत्री ने सभी पैपराजी और मीडिया का आभार व्यक्त किया। अभिनेत्री ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर मीडिया को धन्यवाद देते हुए यह संदेश साझा किया। अपने पोस्ट में अनुष्का ने लिखा, वामिका की तस्वीरें, वीडियो शेयर ना करने के लिए भारतीय पैपराजी और मीडिया के बहुत आभारी हैं। पेरेंट्स के रूप में माता- पिता के रूप में वामिका की फोटोस और वीडियोस कैप्चर करने वालों से हमारा अनुरोध है कि वह आगे बढ़ने में मदद समर्थन करें। अपने इस नोट में अभिनेत्री ने यह भी बताया कि यह उनके और उनके पति विराट कोहली की तरफ से लिखा गया नोट है। अभिनेत्री ने आगे लिखा हम अपनी बेटी की गोपनीयता चाहते हैं और उसे मीडिया, सोशल मीडिया से दूर रख कर स्वतंत्र रूप से जीवन जीने का मौका देने की कोशिश कर रहे हैं।

# ओमिक्रॉन से सहमा बाजार: सेंसेक्स 1657 पॉइंट्स टूटा, निफ्टी 509 पॉइंट्स फिसला

*मुंबई। शेयर बाजार में हफ्ते के पहले दिन सोमवार को भारी गिरावट दर्ज हुई। सेंसेक्स इस समय 1657 पॉइंट्स टूटकर 55,354 पर पहुंच गया है। इस वजह से पहले ही 60 सेकंड में मार्केट कैप 5.53 लाख करोड़ रुपए घटकर 253.94 लाख करोड़ पर आ गया था। इस समय यह 250.85 लाख करोड़ रुपए है यानी 9 लाख करोड़ कमी कमी आई है। शुक्रवार को यह 259.47 लाख करोड़ रुपए था।*



### बाजार 494 अंक नीचे खुला था

*बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज का सेंसेक्स आज 494 पॉइंट्स टूटकर 56,517 पर खुला था। हालांकि इसने पहले ही मिनट में 56,104 का निचला स्तर भी बना लिया। सेंसेक्स के 30 शेयर्स में केवल सनफार्मा ही बढ़त में हैं। बाकी इसके 29 शेयर्स में भारी गिरावट है। टाटा स्टील और 4-4% से ज्यादा गिरे, जबकि इंडसइंड बैंक, बजाज फिनसर्व, महिंद्रा एंड महिंद्रा, अल्ट्राटेक, एक्सिस बैंक, बजाज फाइनेंस, एयरटेल, टेक महिंद्रा जैसे शेयर 3-3% से ज्यादा टूटे हैं।*

### टाटा मोटर्स 4 पर्सेंट टूटा

इसके प्रमुख गिरावट में टाटा मोटर्स का शेयर 4, JSW 4, टाटा स्टील 3.50, SBI 3.32 और इंडसइंड बैंक 3त्न टूटे हैं। सिप्ला और विप्रो बढ़त में कारोबार कर रहे हैं। इससे पहले हफ्ते के आखिरी कारोबारी दिन में शेयर बाजार में भारी गिरावट रही। बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (BSE) का सेंसेक्स शुक्रवार को 889 पॉइंट्स टूटकर 57,011 पर बंद हुआ था।

### गिरावट के प्रमुख कारण

गिरावट का मुख्य कारण ओमिक्रॉन के बढ़ते मामले, विदेशी निवेशकों द्वारा बिकवाली और सेंट्रल बैंक द्वारा ब्याज दरों को बढ़ाए जाने की आशंका है। पिछले 40 दिनों में विदेशी निवेशकों ने बाजार से 80 हजार करोड़ रुपए निकाल लिए हैं। बैंक ऑफ इंग्लैंड ने अचानक 0.15 से 0.25त्न रेट बढ़ा कर चौंका दिया है।

### मारुति, रिलायंस और टाइटन भी टूटे

*मार्केट में मारुति, ह्रष्ठस्नष्ट, कोटक बैंक, रिलायंस, ढ्ढञ्जष्ट, टाइटन के शेयर भी 2-2त्न से ज्यादा टूटकर कारोबार कर रहे हैं। सेंसेक्स के करीब सभी इंडेक्स गिरावट में हैं। उधर नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 510पॉइंट्स की गिरावट के साथ 16,474 पर पहुंच गया है।*

### निफ्टी के केवल 2 शेयर बढ़त में

*निफ्टी के 50 शेयर्स में से 48 शेयर्स गिरावट में हैं और केवल 2 बढ़त में कारोबार कर रहे हैं। इसका मिड कैप, फाइनेंशियल, बैंकिंग और नेक्स्ट 50 इंडेक्स काफी ज्यादा टूटकर कारोबार कर रहे हैं। निफ्टी बैंक 3त्न, मिडकैप इंडेक्स 3त्न, नेक्स्ट 50 2.59 और फाइनेंशियल इंडेक्स 2.50त्न टूट गया है।*

**बढ़ रही हैं ब्याज दरें**

# एसबीआई बैंक ने डिपॉजिट पर बढ़ाया ब्याज

**मुंबई।** देश के सबसे बड़े बैंक भारतीय स्टेट बैंक ने डिपॉजिट पर ब्याज दर को बढ़ा दिया है। अब ग्राहक 0.10त्न ज्यादा इंटरेस्ट रेट का फायदा उठा सकेंगे। नई दर 15 दिसंबर से लागू हो गई है। बैंक ने अपनी वेबसाइट पर यह जानकारी दी है। दरअसल भारतीय रिजर्व बैंक (ह्रक्चढ्ढ) ने सभी बैंकों के लिए एक न्यूनतम दर को सेट करने का निर्देश दिया था। इसके तहत सभी बैंकों को उनके स्टैंडर्ड रेट का उपयोग करने को कहा गया था। रिजर्व बैंक के इस नए आदेश के तहत कोई भी बैंक उससे नीचे का रेट न तो कर्ज के लिए और न ही डिपॉजिट के लिए लागू कर सकता है।

### बेस रेट 7.45%

SBI ने अपने कर्ज का बेस रेट 7.45त्न रखा है। यानी, इससे नीचे की ब्याज दर पर वह कर्ज नहीं दे सकता है। इस बैंक ने 2 करोड़ रुपए से ज्यादा के डिपॉजिट पर भी ब्याज दरें बढ़ा दी हैं। यह नई दरें नए और रिन्यूअल वाले डिपॉजिट पर लागू होंगी। नई दरों के मुताबिक, 7 से 45 दिन के डिपॉजिट पर 3त्न का ब्याज मिलेगा, जो पहले 2.90त्न हुआ करता था। वरिष्ठ नागरिकों के लिए यह 3.50त्न हो गया, जो पहले 3.40त्न था। 211 दिन से ज्यादा और एक साल से कम डिपॉजिट पर 3.10त्न का ब्याज मिलेगा। पहले यह 3त्न हुआ करता था। 2 साल से 10 साल के



डिपॉजिट पर भी ग्राहकों को 3.10त्न का ही ब्याज मिलेगा। बैंकिंग इंडस्ट्री में स्क्चढ्ढ डिपॉजिट पर सबसे कम ब्याज देता है। 8 दिसंबर को अपनी पॉलिसी की मीटिंग में रिजर्व बैंक ने दरों में कोई बदलाव नहीं किया था। उससे पहले कई बैंकों ने अपने डिपॉजिट पर ब्याज दरें बढ़ा दी थीं।

### बजाज फाइनेंस ने भी बढ़ाई दर

बजाज फाइनेंस के 2 साल के डिपॉजिट पर अब 6.4त्न ब्याज मिलेगा। पहले यह 6.1त्न हुआ करता था। 3 और 5 साल के जमा पर 6.8त्न का ब्याज मिलेगा। पहले ब्याज की दर 6.5त्न थी। ढ्ढष्ठस्नष्ट लिमिटेड में 2 साल के डिपॉजिट पर 5.85त्न का ब्याज मिलेगा, जबकि 3 साल के डिपॉजिट पर 6.1 और 5 साल के डिपॉजिट पर 6.5त्न का ब्याज मिलेगा। इसमें 3 साल और पांच साल के जमा पर अभी तक 6.5त्न का ब्याज मिलता था। ढ्ढष्ठस्नष्ट ग्रीन डिपॉजिट पर 3 साल में 6त्न और 5 साल में 6.4त्न ब्याज मिलेगा। यह सभी ब्याज दरें 1 दिसंबर से लागू की गई हैं। इनकी ब्याज दरें इस साल में पहली बार बढ़ाई गई हैं।

# गोल्ड-सिल्वर वीकली अपडेट : इस हफ्ते सोना-चांदी हुए महंगे, सोना 49 और चांदी 62 हजार के करीब पहुंची

**नई दिल्ली।** इस हफ्ते सोने-चांदी में अच्छी तेजी देखने को मिली है। इंडिया बुलियन एंड ज्वैलर्स एसोसिएशन (IBJA) की वेबसाइट के अनुसार सर्राफा बाजार में इस हफ्ते सोना 642 रुपए महंगा होकर 48,791 रुपए प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया है। इस हफ्ते की शुरुआत में यानी 13 दिसंबर को ये 48,109 रुपए पर था।

### कैरेट के हिसाब से सोने की कीमत

| कैरेट | भाव (रुपए/10 ग्राम) |
|---|---|
| 24 | 48,791 |
| 23 | 48,596 |
| 22 | 44,693 |
| 18 | 36,593 |

### चांदी भी 62 हजार के करीब पहुंची


IBJA की वेबसाइट के अनुसार के अनुसार इस हफ्ते चांदी में भी अच्छी तेजी देखने को मिली है, और इसी का नतीजा है कि ये फिर एक बार 62 हजार के करीब पहुंच गई है। इस हफ्ते की शुरुआत में ये 60,941 रुपए पर थी जो अब 61,811 रुपए प्रति किलोग्राम पर पहुंच गई है। यानी इस हफ्ते इसकी कीमत में 870 रुपए की बढ़ोतरी हुई है। पिछले साल कोरोना की पहली और दूसरी लहर में सोने के




दाम तेजी से बढ़े थे। इसी के चलते 18 दिसंबर 2020 को सोना 50194 रुपए प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया था। हालांकि इससे पहले अगस्त में सोने ने 56 हजार का भाव पार कर लिया था। लेकिन कोरोना की वैक्सीन आने के बाद सोने के भाव में गिरावट आने लगी थी।

# सड़क मंत्रालय का नेविगेशन ऐप: सड़क पर चलने वाले लोगों को एक्सीडेंट के खतरों का अलर्ट करेगा

**नई दिल्ली।** देश में लगातार एक्सप्रेस-वे और हाईवे तैयार किए हो रहे हैं। कई को चालू किया जा चुका है। तो कई पर तेजी से काम चल रहा है। ऐसे में अब सड़क पर गाड़ी चलाने वाले लोगों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए एक फ्री-टू-यूज-नेविगेशन ऐप लॉन्च किया है। इसे मूव (MOVE) का नाम दिया है। ये सड़क पर चलने वाले लोगों को एक्सीडेंट के खतरों के बारे में अलर्ट करेगा। इसमें कई तरह के रोड सेफ्टी फीचर्स भी दिए हैं। ऐप को केंद्रीय सड़क परिवहन और हाईवे मिनिस्ट्री (MoRTH) ने देश में ड्राइवर और रोड सेफ्टी टेक्नोलॉजी के लिए IIT मद्रास और डिजिटल टेक कंपनी मैप माय इंडिया के कोलैबरेशन में लॉन्च किया गया है। नेविगेशन ऐप सर्विस ड्राइवरों को अपकमिंग एक्सीडेंट प्रोन एरिया, स्पीड ब्रेकर, शार्प कर्व्स और गड्ढों जैसे दूसरे खतरों के बारे में वॉयस और विजुअली अलर्ट देता है। ये देश में सड़क दुर्घटनाओं के कारण होने वावे एक्सीटेंड और मौतों को कम करने के लिए सड़क परिवहन मंत्रालय की प्लानिंग का एक हिस्सा है।




### IIT मद्रास और मैप माय इंडिया डेटा एनालिस्ट करेंगे

मैप माय इंडिया द्वारा डेवलप नेविगेशन सर्विस ऐप मूव ने 2020 में सरकार की आत्मानिर्भर ऐप इनोवेशन चैलेंज जीता था। इस सर्विस का इस्तेमाल नागरिकों और अथॉरिटी द्वारा एक्सीडेंट, असुरक्षित एरिया, सड़क और ट्रैफिक के मुद्दों को मैप पर रिपोर्ट और ब्रॉडकास्ट और दूसरे यूजर्स की मदद करने के लिए किया जा सकता है। डेटा का एनालिस्ट IIT मद्रास और मैप माय इंडिया द्वारा किया जाएगा। फिर भविष्य में सड़कों की स्थिति में सुधार के लिए सरकार द्वारा इसका इस्तेमाल किया जाएगा।

# फिनलैंड की कंपनी HMD ग्लोबल नोकिया के पुराने स्मार्टफोन्स को री-लॉन्च करने में लगी हुई है

**नई दिल्ली।** फिनलैंड की कंपनी HMD ग्लोबल नोकिया के पुराने स्मार्टफोन्स को री-लॉन्च करने में लगी हुई है। कंपनी इससे पहले नोकिया 6300, नोकिया 2720 फ्लिप, नोकिया 800 टफ, नोकिया 8000 और नोकिया 8110 को पेश कर चुकी है। ऐसे में अब वो नोकिया 2760 फ्लिप को री-लॉन्च करने की तैयारी में है। ये नोकिया का री-लॉन्च होने वाला छठा फोन होगा। ये सभी 4त्र नेटवर्क को सपोर्ट करते हैं। गिज्मोचाइना रिपोर्ट के मुताबिक, यह फोन KaiOS पर काम करेगा। नोकिया एन 139ष्ठरु फ्लिप मॉडल नंबर को ञ्ज 1398 को फेडरल कम्यूनिकेशन कमिशन पर स्पॉट किया गया था। अब




इस प्लेटफॉर्म फोन से सभी संबंधित जानकारी सामने आई हैं। फोन के डिजाइन, स्कैच से लेकर स्पेसिफिकेशन तक लीक हो गए हैं। कंपनी इस फोन को जल्द लॉन्च करने वाली है।

### नोकिया 2760 फ्लिप 4G के स्पेसिफिकेशन

फोन में 240×320 पिक्सल रेजोल्यूशन वाली स्क्रीन दी जा सकती है। इसमें 1450mAh की बैटरी दी गई जाएगी, जो एक बार फुल चार्ज होने पर 6.8 घंटे का टॉक टाइम बैकअप और 13.7 घंटे का स्टैंडबाय बैकअप देगी। फोन में 5 मेगापिक्सल का रियर फेसिंग कैमरा दिया गया है। अभी इंटरनल स्टोरेज के बारे में कोई जानकारी नहीं मिली है। फोन माइक्रो स्ष्ठ कार्ड के साथ आएगा, जिसकी मदद से यूजर्स इसका स्टोरेज बढ़ा पाएंगे। फोन 4त्र को सपोर्ट करेगा। इसके साथ इसमें वाई-फाई, ब्लूटूथ, मल्टीमीडिया मैसेजिंग, हैंडसफ्री स्पीकर, कलर डिस्प्ले, प्लेयर मिल सकता है।




स्वत्वाधिकारी,मुद्रक,प्रकाशक एवं संपादक नागेश नरवरिया द्वारा जय माता प्रिंटर्स म.नं. 1 अमर दाल मिल के पास पेमदीपुरा चिकलोद रोड के पास बापू कालोनी जहांगीराबाद भोपाल मप्र से मुद्रित एवं म.नं. 51 एक्सटेंशन शिवलोक कॉलोनी फेस-3, खजूरी कलां रोड,तह. हुजूर जिला भोपाल से प्रकाशित। संपादक :- नागेश नरवरिया ( समस्त विवादों का न्यायक्षेत्र भोपाल रहेगा।)